
*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
09 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 320
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

भारत की शक्ति और सामर्थ्य का गवाह बनेगा जी-20 समिट






## न्यूज रील्स

### भारत मंडपम तैयार: एक मंच पर होंगी दुनिया की महाशक्तियां

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े इनडोर हॉल भारत मंडपम में दुनिया की महाशक्तियां एक मंच पर होंगी। जी-20 से जुड़े सारे कार्यक्रम यहीं होंगे, इसे शानदार तरीके से सजाया गया है, क्योंकि ये पूरे विश्व में भारत का गौरव गान करेगा। भारत मंडपम में नौ सितंबर की शाम को देश के अलग-अलग हिस्सों से आये कलाकार परफॉर्म करेंगे, म्यूजिकल इवेंट की समाप्ति 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' गीत से होगी।

### डिजिटल इंडिया एक्सपीरिएंस जोन में दिखेगा नया भारत

नयी दिल्ली। प्रदर्शनी में ये दिखाया गया है कि भारत ने बीते कुछ साल में टेक्नोलॉजी फील्ड में क्या-क्या हासिल किया है। डिजिटल इंडिया एग्जिबिशन में तीन चीजों पर फोकस है- इज ऑफ लिविंग, इज ऑफ डूइंग बिजनेस और इज ऑफ गवर्नेंस। प्रदर्शनी में भारत सरकार की ओर से विकसित 7 टूल दिखाये गये हैं। इनमें आधार, डिजिलॉकर, ई-संजीवनी, भाषिणी, यूपीआइ, दीक्षा और ओएनडीसी शामिल हैं।

## जी-20: मोदी-बाइडन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

# दोनों में आर्थिक मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी-20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए शुक्रवार शाम नयी दिल्ली पहुंचे। एयपोर्ट से वह सीधे दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग पर स्थित प्रधानमंत्री अवास पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। प्रेसिडेंट बाइडेन को 7 लोक कल्याण मार्ग पर रिसीव करके खुश हूं। हमारी मुलाकात काफी सार्थक रही। हमने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। दोनों देशों के बीच आर्थिक मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के लोगों के बीच भी संपर्क बढ़ेगा।

सूत्रों के मुताबिक वार्ता में दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर समझौता, रूस-यूक्रेन जंग, वर्ल्ड बैंक सहित दूसरे मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक की क्षमता बढ़ाने, कई दूसरे ग्लोबल चैलेंज आदि को लेकर बातचीत होने की संभावना जतायी जा रही है। इस मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएमओ की तरफ से बताया गया कि उनकी चचाओं में कई तरह के मुद्दे शामिल हैं। इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध और गहरे होंगे। कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। दोनों नेता इस बात पर फोकस्ड थे कि भारत और अमेरिका के रिश्ते और मजबूत किये जायें।

### मोदी की बांग्लादेश और मॉरीशस के पीएम के साथ भी हुई बैठक



### जनरल वीके सिंह ने किया रिसीव

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का विमान शाम करीब 6.50 पर दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने बाइडेन को रिसीव किया। बाइडेन ने भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी की बेटी से मुलाकात की। एयरपोर्ट से निकलने से पहले सांस्कृतिक नृत्य भी देखा। वह जी 20 समिट के लिए तीन दिन के दौरे पर भारत आ गये हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन की यह उनकी पहली भारत यात्रा है।

### प्रधानमंत्री मोदी के आवास पर हुई बैठक

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। ये सबी बैठकें प्रधानमंत्री के सरकारी आवास पर हुईं। इन बैठकों में हुई बातचीत के बारे में अधिकारिक तौर पर कुछ भी बताया नहीं गया है, पर माना जा रहा है कि बंग्लादेश और मॉरीशस के पीएम के साथ बातचीत में कई मुद्दों पर मोदी ने बातचीत की। पीएम मोदी ने मॉरीशस के पीएम प्रविंद कुमार जुगनाथ से मुलाकात की, जो भारत के विजन 'सागर' के अभिन्न अंग हैं। पीएमओ के मुताबिक, दोनों नेताओं ने इस वर्ष अपनी उल्लेखनीय 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि को उत्साहपूर्वक स्वीकार किया। वहीं, पीएम मोदी ने भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय सहयोग में विविधता लाने पर पीएम शेख हसीना के साथ सार्थक बातचीत की। पीएमओ के मुताबिक, वे कनेक्टिविटी, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के संबंधों सहित कई क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हुए।

### प्रधानमंत्री 15 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार तक जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे विश्व के विभिन्न नेताओं के साथ 15 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। प्रधानमंत्री शनिवार को जी-20 कार्यक्रमों में भाग लेने के अलावा ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

**जी-20 से संबंधित खबरें पेज तीन, पेज छह और पेज बारह पर भी देखें**

## डुमरी विस उपचुनाव: झामुमो की बेबी देवी 17,153 वोट से जीतीं

- आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को दूसरा स्थान
- आइएनडीआइए गठबंधन में जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी विधायनभा उपचुनाव का परिणाम शुक्रवार को आ गया। झामुमो की प्रत्याशी बेबी देवी ने 17,153 वोट से जीत हासिल कर ली है। आजसू की यशोदा देवी दूसरे नंबर पर रहीं। मतगणना के 14वें राउंड तक बेबी देवी और यशोदा देवी में कांटे की टक्कर रही। इसके बाद बेबी देवी ने जो बढ़त हासिल की, वह आखिर तक बनाये रखा।

गौरतलब है कि इस सीट पर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण उपचुनाव हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्व. महतो की पत्नी बेबी देवी के कैबिनेट मंत्री बना दिया था। इसके बाद झामुमो की तरफ से उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया था। करीब दो दशक तक इस विधानसभा सीट पर स्व. जगरनाथ महतो का वर्चस्व रहा। इसे बेबी देवी ने कायम रखा। उन्हें जनता का पूरा साथ मिला।

झामुमो की बेबी देवी और एनडीए की यशोदा देवी के अलावा चार और उम्मीदवार डुमरी से अपनी किस्मत आजमा रहे थे। बेबी देवी झामुमो से, यशोदा देवी आजसू से, मौलाना मोबिन रिजवी एआइएमआइएम से और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर कमल प्रसाद साहू, नारायण गिरि और रौशनलाल तुरी चुनावी मैदान में उतरे थे। बिशनपुर पचंबा के कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में 16 टेबलों पर 24 राउंड में मतगणना हुई। बेबी देवी को 1,003,17 मत मिले। वहीं आजसू की यशोदा देवी को 83,164 मत मिले।



यह जनता की जीत है। मैं उनके (पूर्व विधायक जगरनाथ महतो) के सारे अधूरे काम को पूरा करूंगी। **– बेबी देवी, मंत्री**

### किसे कितना वोट मिला

| | |
|---|---|
| कुल मतदान: | 1,93,902 |
| वैध मत: | 1,93,826 |
| रद्द मत: | 76 |
| बेबी देवी (झामुमो): | 1,00,317 |
| यशोदा देवी (आजसू) : | 83,164 |
| अब्दुल मोबिन रिजवी (एआइएमआइएम): | 3,472 |
| रोशन लाल तुरी (निर्दलीय): | 1,898 |
| कमल प्रसाद साहू (निर्दलीय): | 713 |
| नारायण गिरी (निर्दलीय): | 612 |
| नोटा: | 3650 |

### यह आगाज है 2024 का : सीएम

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के डुमरी में पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद उपचुनाव में बेबी देवी जीत गयी हैं। उन्होंने आसजू नेता और एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी को मात दी है। सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा, 'आज डुमरी उपचुनाव की प्रचंड जीत के लिए डुमरी विधानसभा की जनता और गठबंधन के समस्त नेताओं और कार्यकर्ताओं को अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार और जोहार। डुमरी की यह प्रचंड जीत आगाज है 2024 का। जनता ने ठान लिया है कि झारखंड में सिर्फ जनतंत्र चलेगा, धनतंत्र नहीं। यहां सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों की सरकार चलेगी। भाजपा और आजसू के



छल और अहंकार का अब झारखंड से सूपड़ा साफ होना तय है।' सीएम ने आगे लिखा, 'आज डुमरी उपचुनाव में झामुमो (गठबंधन) प्रत्याशी स्व टाइगर जगरनाथ महतो जी की धर्मपत्नी आदरणीय भाभी मां श्रीमती बेबी देवी जी को अपना स्नेह देने के लिए डुमरी विधानसभा की जनता को मैं पुनः अनेक-अनेक धन्यवाद और आभार करता हूं।




## मुख्यमंत्री गुवा गोली कांड के शहीदों की श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

# संघर्ष ही आदिवासियों की पहचान : हेमंत सोरेन



- गुवा गोलीकांड के शहीदों को शत-शत नमन
- 126 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नोवामुंडी, चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गुवा गोली कांड के वीर शहीदों को शत-शत नमन। अपने इन वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हम उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी अपने शहीदों, पूर्वजों और आंदोलनकारियों के आदर्श को आत्मसात करने और उनके सपनों का झारखंड निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा-सह-परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

हमारे पूर्वजों ने लंबी लड़ाई लड़ीः मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अलग-अलग समयों में ब्रिटिश हुकूमत, शोषण-जुल्म और अन्य के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ते रहे। चाहे वह अपने वजूद और अस्तित्व को बचाने का संघर्ष हो या जल-जंगल और जमीन की रक्षा का। इस लड़ाई में कई ने अपने को बलिदान कर दिया। उन्होंने जो संघर्ष किया, उसी का परिणाम है कि आज आदिवासियों-मूलवासियों का अस्तित्व बरकरार है।

शहीदों को दे रहे हैं पूरा सम्मानः हेमंत सोरेन ने कहा कि अपने वीर शहीदों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का काम हमारी सरकार कर रही है।

**शेष पेज-04 पर**



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो





# झारखंड में आज भी चैंपियन हैं हेमंत

## झामुमो प्रत्याशी की जीत के साथ इस कठिन टेस्ट में पास हुए सीएम

**अजय शर्मा**

**रांची।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद लोगों के मन में यह सवाल पैदा हो रहा है कि आखिर इसका राजनीतिक मतलब क्या है। पिछले पौने चार साल में झारखंड में कुल छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए हैं और इनमें से रामगढ़ को छोड़ कर बाकी सभी पर सत्तारूढ़ गठबंधन की जीत हुई। डुमरी में भी महागठबंधन की तरफ से झामुमो की प्रत्याशी बेबी देवी ने एनडीए की तरफ से आजसू की प्रत्याशी यशोदा देवी को 17 हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित कर दिया है। बेबी देवी को एक लाख से कुछ अधिक मत मिले, जबकि यशोदा देवी को 83 हजार से कुछ अधिक वोट मिले।

### हेमंत के सामने कोई नहीं

डुमरी के परिणाम से एक बात साफ हो गयी है कि तमाम कोशिशों के बावजूद झामुमो का जनाधार अब भी इंटैक्ट है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता और झामुमो के 'थ्री एम', यानी मांझी-मुस्लिम-महतो समीकरण को तोड़ पाने में भाजपा-आजसू का गठबंधन कामयाब नहीं हो सका। इतना ही नहीं, तमाम आरोपों के बावजूद हेमंत सोरेन की लोकप्रियता को न बाबूलाल मरांडी हिला सके, न अर्जुन मुंडा और न रघुवर दास और न सुदेश महतो। चुनाव प्रचार के दौरान आजसू नेता ने वैकल्पिक राजनीति के बारे में बात जरूर की, लेकिन नावाडीह जैसे इलाकों में वह अपनी बात स्थापित नहीं कर सके। शहरी इलाकों में आजसू को जरूर कुछ अधिक वोट मिले, लेकिन झामुमो का एक भी वोट वह नहीं ले सका। टाइगर का क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहा। इतना ही नहीं, पिछले चुनाव में झामुमो प्रत्याशी जगरनाथ महतो को कुल 71 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे और उनकी जीत का अंतर झामुमो और भाजपा उम्मीदवार को जोड़ कर छह हजार के आसपास था। लेकिन इस बार हेमंत सोरेन की अगुवाई में झामुमो ने एक लाख से अधिक वोट हासिल कर साबित कर दिया कि झारखंड में उनके सामने कोई नहीं ठहरता है।

### आइएनडीआइए में बढ़ेगा हेमंत का कद

डुमरी में जीत के बाद विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए को भी संजीवनी मिली है। गठबंधन बनने के बाद यह उसके लिए पहली परीक्षा थी और हेमंत सोरेन इसमें पूरी तरफ सफल रहे। रामगढ़ में तमाम प्रयासों के बावजूद कांग्रेस अपनी सीट नहीं बचा सकी थी, तो इसका कारण भाजपा-आजसू का एक होना था। वही स्थिति डुमरी में भी थी, लेकिन यहां हेमंत के नेतृत्व में आइएनडीआइए ने खूब मेहनत की। जिस तरह से इसके घटक दलों के नेताओं ने शुरुआत से ही एकजुट होकर प्रचार किया, उसका परिणाम सामने है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि डुमरी उपचुनाव का परिणाम यह साबित कर गया है कि हेमंत ही अब तक झारखंड के महंत हैं और उन्हें यहां से हटाने के लिए भाजपा-आजसू को अभी कड़ी मेहनत करनी होगी।

# डुमरी में बेबी देवी की जीत पर कांग्रेस में जश्न

रांची। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत पर शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पटाखा फोड़ एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस जीत ने झारखंड की दशा और दिशा तय कर दी है। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन को वोट कर एनडीए गठबंधन को नकारने का काम किया है। महागठबंधन सरकार द्वारा लगातार चलाये जा रहे विकास कार्यों पर यह मुहर है और यह बताने का भी काम किया है कि हर साजिश, हर षड्यंत्र अपना ले भाजपा लेकिन आखिर में जीत सत्य की होती है। डुमरी की जनता के प्रति आभार। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो के अधूरे सपने को अब उनकी धर्मपत्नी बेबी देवी आगे ले जाने का काम करेंगी। सदन के पटल पर महिलाओं की सम्मान की बात, युवाओं की बात, बुजुर्गों की बात और राज्य के विकास की बात प्रखर रूप से गूंजेगा। जश्न मनाने वालों में मुख्य रूप प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, रवींद्र सिंह, डॉ कुमार राजा, अशोक चौधरी, सूर्यकांत शुक्ला, शमशेर आलम, शशि भूषण राय, नेली नाथन, केदार पासवान, उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, राजीव नारायण प्रसाद, सुरेन राम, जगदीश साहू, प्रभात कुमार, संजय कुमार, अजहर पप्पु, शकील अख्तर अंसारी, राजन वर्मा, वारिश कुरैशी, अख्तर अली, सलीम खान, रमजान, फिरोज आलम, अजय कुमार, राजवी प्रकाश चौधरी, रामानंद केसरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### हेमंत सोरेन ने कार्यकाल के छठे उपचुनाव में दोहराया इतिहास

# बेबी देवी ने पति के रिकार्ड को तोड़ दिया, करीब एक लाख वोट मिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी डुमरी से झारखंड विधानसभा की सदस्य बन गयीं हैं। इंडिया गठबंधन की जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी को डुमरी विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में एक लाख के करीब वोट मिले, जबकि एनडीए की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को लगभग 85 हजार वोटों से ही संतोष करना पड़ा। जीत का अंतर 17 हजार से अधिक मतों का रहा। बेबी देवी ने पति के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जगरनाथ महतो को 71128 वोट मिले थे। उन्हें सबसे ज्यादा वोट 2014 में 77984 मिले थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू को 36840 और भाजपा के उम्मीदवार को 36013 वोट मिले थे। वैसे यहां का मुकाबला काफी टक्कर का रहा। आजसू ने डुमरी विस सीट अपनी झोली में डालने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी, लेकिन नतीजे से पार्टी निराश हुई। बेबी देवी की जीत में सबसे बड़ा फैक्टर इलाके के कद्दावर नेता रहे जगरनाथ महतो की लंबी बीमारी के बाद निधन हो जाना रहा। लगातार चार बार निर्विवाद रूप से विधायक और वर्तमान सरकार में मंत्री रहे जगरनाथ महतो को डुमरी की जनता ने बेबी देवी को जीता कर श्रद्धांजलि देने का काम किया। पूरे चुनावी प्रचार के दौरान बेबी देवी हाथ जोड़ कर अपने पति के नाम पर वोट मांगती रहीं। जनता को उनके काम के बारे में बताती रहीं। पत्नी बेबी देवी और बेटे राजू (अखिलेश) महतो ने हर वह इमोशनल कार्ड खेला, जिससे जीत सुनिश्चित की जा सके और हुआ कुछ ऐसा ही। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम उम्मीदवारों का कुल वोट करीब 28 हजार के आसपास था, जिसमें एआइएमआइएम के उम्मीदवार अब्दुल मोमिन रिजवी को सबसे ज्यादा वोट करीब 24 हजार मिले थे। पिछली बार की तरह इस बार भी ओवैसी अपने उम्मीदवार का प्रचार करने डुमरी आये थे, लेकिन उनके उम्मीदवार की करारी हार हुई। इस बार मुस्लिम वोटरों ने जेएमएम पर भरोसा जताया और खुल कर बेबी देवी के पक्ष में वोट किया। हेमंत सोरेन ने डुमरी में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। उन्होंने चुनाव से पहले अपने आपको चुनावी मोड में डाला और सरकारी परिसंपत्तियों का खूब वितरण किया। साथ ही भाषणों में टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ महतो की डुमरी के प्रति लगन और निष्ठा को जनता तक हमेशा पहुंचाने का काम किया। सरकार के सभी मंत्री समेत इंडिया गठबंधन के तमाम विधायक डुमरी में तैनात थे।

गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने भी पूरे चुनाव प्रचार के दौरान डुमरी में ही कैंप कर जीत में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। पूरे चुनाव प्रचार में बगोदर विधायक विनोद सिंह ने चुपचाप मतदाताओं के बीच अपनी भूमिका निभयी। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल (2019 से अब तक) में डुमरी विधानसभा क्षेत्र को लेकर यह छठा उपचुनाव था। इससे पहले पांच उपचुनाव हो चुके हैं। इनमें चार दुमका, बेरमो, मधुपुर और मांडर उपचुनाव में यूपीए के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। दुमका से बसंत सोरेन, बेरमो से जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, मधुपुर से हफिजुल हसन और मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की ने जीत हासिल की थी। इनमें दो सीटों पर झामुमो के उम्मीदवार जीते थे, जबकि दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत बरकरार रखी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव से आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता देवी ने एनडीए का खाता खोला था।

# लोस चुनाव में 10 सीट पर होगी भाजपा की जमानत जब्त: सुप्रियो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोरचा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में जीत के बाद डुमरी की जनता का आभार व्यक्ति किया। कहा कि डुमरी की जनता ने श्रद्धांजलि जगरनाथ दा को दी है। हम आइएनडीआइए गठबंधन का आभार व्यक्त करते हैं। गठबंधन में शामिल सभी दलों ने इस जीत के लिए मेहनत की। हमने साथ मिलकर चुनौती का सामना किया। इस चुनाव में पैसा, प्रलोभन, भ्रम सभी डुमरी में फैलाये गये, लेकिन वे नकाम रहे।

**भाजपा को चुनौती :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, राज्य के तीन- तीन पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सेठ सभी पहुंचे, लेकिन धनतंत्र पर जो प्रहार हुआ, उसको डुमरी की जनता ने देखा। केंद्रीय प्रवक्ता ने भारतीय जनता पार्टी को खुली चुनौती देते हुए कहा अगर उनमें राजनीतिक हिम्मत है, तो इसी साल लोकसभा का चुनाव करा कर देख लें। साल 2004 में आपको याद होगा जब पहले चुनाव हुआ था साइनिंग इंडिया का नारा दिया था। उस वक्त झारखंड में 13 सीटें यूपीए ने जीती थीं। एक सीट भाजपा को मिली थी। 2006 में तो वो भी समाप्त हो गया था। अगर कल लोकसभा का चुनाव हो जाये तो भाजपा का खाता तक नहीं खुलेगा। दस से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त हो जायेगी।



**जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा, डुमरी में कई तरह के प्रपंच रचे गये। झूठ का प्रचार किया गया। पूरा निर्वाचन शांतिपूर्ण रहा। कहीं कोई परेशानी नहीं हुई। लोगों ने खुल कर मतदान किया। अब दीवारों पर एक नया नारा दिख रहा है जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। आप कुछ भी कर ल, जितनी भी एजेंसी लगा लें, लोकतंत्र में कोई काम नहीं आया। लोगों का आशीर्वाद ही अंतिम फैसला है। जनता की अदालत ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया गया। कुछ लोग इसे लिटमस टेस्ट कह रहे थे। यह विश्वास हेमंत सरकार के कामकाज पर है, क्योंकि वहां सरकार की मंत्री चुनाव लड़ रहीं थी। लोगों ने हेमंत सरकार के कामकाज को जीताया है।

# डुमरी में चुनाव हारे हैं मैदान नहीं : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव के परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने डुमरी के मतदाताओं का एनडीए गठबंधन को बढ़-चढ़ कर समर्थन देने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि एनडीए चुनाव हारा है, लेकिन मैदान नहीं। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि जनता हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि यह हेमंत सरकार की पराजय और तुष्टिकरण की जीत है। श्री मरांडी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके परिश्रम और प्रयास के कारण ही एनडीए प्रत्याशी को 2019 के चुनाव से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। कहा कि हेमंत सरकार की पूरी मशीनरी मतदाताओं को डराने धमकाने में जुटी रही। कार्यकर्ताओं का अपहरण किया गया। घरों में छापामारी की गयी। धनबल का भरपूर प्रयोग हुआ, फिर भी जनता ने राज्य सरकार की नाकामियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए कार्यकर्ता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार, अपराध, लूट, झूठ और विफलताओं को लगातार उजागर करेंगे। हम चैन से तब तक नही बैठेंगे, जब तक हेमंत सरकार को राज्य से उखाड़ नहीं फेंकेंगे।



# लक्ष्य तक नहीं पहुंचे, पर प्रयास जारी है : डॉ देवशरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि डुमरी उपचुनाव में मिले जनादेश का हम सम्मान करते हैं, मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं एवं जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव में हम अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाये, लेकिन हमारा प्रयास लगातार जारी है, जिसका सकारात्मक परिणाम आने वाले चुनावों में देखने को मिलेगा। इस चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में हमनें अधिक मत हासिल किये और हमारा वोट शेयर भी बढ़ा है। यह हमारे लिए काफी सकरात्मक है। हम भय, भ्रम, भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने इस चुनाव को जीतने के लिए सरकारी तंत्र का भी गलत इस्तेमाल किया। सरकारी कर्मचारी इस चुनाव में जेएमएम के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे थे। हमारी चुनावी सभाओं में बाधा उत्पन्न की गयी और पुलिस तमाशबीन बनी रही। इसकी शिकायत हमने चुनाव आयोग में भी की है। हमारे वोटरों को वोट देने से भी रोका गया। इन सभी मुश्किलातों के बाद भी हमारे कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ इस चुनाव को लड़ा, जिसका परिणाम है कि हमें 83 हजार 164 मत प्राप्त हुए। इसके लिए आजसू पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।



# डुमरी में मुकाबला :14 वें राउंड तक यशोदा के चेहरे पर थी खुशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार को संपन्न हुई। इसमें झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी विजयी रहीं। सुबह आठ बजे शुरू हुई मतगणना के शुरू में पोस्टल बैलेट की गिनती हुई। इसके बाद कुल 24 राउंड की मतगणना हुई और तीसरे पहर अंतिम परिणाम घोषित किये गये। मतगणना की विशेषता यह रही कि 14वें राउंड तक आजसू उम्मीदवार यशोदा देवी के चेहरे पर खुशी थी, उसके बाद बेबी देवी ने बढ़त बना ली ।

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| **राउंड 1** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 4124 |
| बेबी देवी | इंडिया | 2859 |
| बढ़त | एनडीए | 1265 |
| **राउंड 2** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 7313 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 5972 |
| बढ़त | इंडिया | 1341 |
| **राउंड 3** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 11495 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 8805 |
| बढ़त | इंडिया | 2690 |
| **राउंड 4** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 14661 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 13991 |
| बढ़त | इंडिया | 670 |
| **राउंड 5** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 18486 |
| बेबी देवी | इंडिया | 17356 |
| बढ़त | एनडीए | 1130 |
| **राउंड 6** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 22772 |
| बेबी देवी | इंडिया | 20303 |
| बढ़त | एनडीए | 2469 |
| **राउंड 7** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 25557 |
| बेबी देवी | इंडिया | 24006 |
| बढ़त | एनडीए | 1551 |
| **राउंड 8** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 29663 |
| बेबी देवी | इंडिया | 26794 |
| बढ़त | एनडीए | 2839 |
| **राउंड 9** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 34302 |
| बेबी देवी | इंडिया | 29155 |
| बढ़त | एनडीए | 5247 |
| **राउंड 10** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 39370 |
| बेबी देवी | इंडिया | 32424 |
| बढ़त | एनडीए | 6946 |
| **राउंड 11** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 42502 |
| बेबी देवी | इंडिया | 36875 |
| बढ़त | एनडीए | 5627 |
| **राउंड 12** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 46301 |
| बेबी देवी | इंडिया | 40594 |
| बढ़त | एनडीए | 5707 |
| **राउंड 13** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 49441 |
| बेबी देवी | इंडिया | 46397 |
| बढ़त | एनडीए | 3044 |
| **राउंड 14** | | |
| यशोदा देवी | एनडीए | 52731 |
| बेबी देवी | इंडिया | 52419 |
| बढ़त | एनडीए | 312 |
| **राउंड 15** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 57339 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 55778 |
| बढ़त | इंडिया | 1561 |
| **राउंड 16** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 61572 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 59125 |
| बढ़त | इंडिया | 2447 |
| **राउंड 17** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 66708 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 62665 |
| बढ़त | इंडिया | 4043 |
| **राउंड 18** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 72042 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 65506 |
| बढ़त | इंडिया | 6536 |
| **राउंड 19** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 76763 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 68395 |
| बढ़त | इंडिया | 8368 |
| **राउंड 20** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 82682 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 72177 |
| बढ़त | इंडिया | 10505 |
| **राउंड 21** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 86848 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 75395 |
| बढ़त | इंडिया | 11453 |
| **राउंड 22** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 93306 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 78033 |
| बढ़त | इंडिया | 15273 |
| **राउंड 23** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 98622 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 82078 |
| बढ़त | इंडिया | 16554 |
| **राउंड 24** | | |
| बेबी देवी | इंडिया | 135480 |
| यशोदा देवी | एनडीए | 118380 |
| बढ़त | इंडिया | 17100 |

www.epaper.azadsipahi.in

09 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 320

कोर्ट ने एएसआइ को ज्ञानवापी के सर्वे के लिए 8 हफ्ते का समय दिया



## न्यूज रील्स

### डिनर में खड़गे को न्योता नहीं, कांग्रेस ने खेला दलित कार्ड

नयी दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज की गेस्ट लिस्ट से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम गायब है। मोदी सरकार के इस कदम को पार्टी नेता दलित विरोधी बता रहे हैं। सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता ने जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया है।

### लोगों में जोश, जी-20 थीम पर रंग दी जगुआर

नयी दिल्ली। भारत में जी 20 समिट को लेकर हर कोई उत्साहित है। गुजरात के एक व्यक्ति ने अपनी जगुआर कार को जी-20 थीम वाले रंगों से कलर करा लिया। पेशे से व्यवसायी सिद्धार्थ दोशी कार लेकर अहमदाबाद से राजधानी दिल्ली तक बाय रोड पहुंचे। रास्तेभर लोगों ने उनकी कार के वीडियो बनाये और फोटोज खींचे। सिद्धार्थ की कार अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है।

### वॉल ऑफ डेमोक्रेसी में 5 हजार साल का इतिहास

नयी दिल्ली। वॉल ऑफ डेमोक्रेसी में विदेशी मेहमान भारत का 5 हजार साल का लोकतांत्रिक इतिहास देखेंगे। ये दीवार 26 स्क्रीन पैनल से मिलकर बनी है। इन 26 पैनल में अलग-अलग समय की कहानियां हैं।

प्रधानमंत्री ने जी-20 से जुड़ी से अपनी गतिविधियों की जानकारी एक्स (ट्विटर) पर दी

# मानव-केंद्रित और समावेशी विकास को आगे ले जायेगा शिखर सम्मेलन : मोदी

- प्रधानमंत्री ने जताया भरोसा, कहा- दुनिया में शांति के लिए मिलकर काम करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 समिट के पहले भरोसा जताया है कि यह समिट ह्यूमन सेंट्रिक इनक्लूसिव डेवलपमेंट (मानव-केंद्रित और समावेशी विकास) के लिए नया रास्ता बनायेगी। भारत डेवलपमेंट के लिए ह्यूमन सेंट्रिक तरीके पर भी बहुत जोर देता है। वंचितों, आखिरी पायदान के लोगों की सेवा करने के गांधीजी के मिशन का पालन करना महत्वपूर्ण है। मोदी ने जी-20 से जुड़ी से अपनी गतिविधियों की जानकारी एक्स (ट्वीटर) पर दी। उन्होंने बताया कि भारत को 9-10 सितंबर को नयी दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 समिट की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत में होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन है। वे अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करते हैं।

### जी-20 प्रेसीडेंसी थीम हमारी संस्कृति के अनुरूप

मोदी ने कहा कि भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी थीम हमारे सांस्कृतिक लोकाचार में बसी 'वसुधैव कुटुंबकम-एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' हमारे विश्व दृष्टिकोण के साथ गहरायी से मेल खाती है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत की जी20 अध्यक्षता इनक्लूसिव, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और काम में भरोसा करने की रही है। हमने ग्लोबल साउथ की विकास को लेकर चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी। मोदी ने लिखा कि मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ वे बाइलेटरल बैठकें करेंगे। उन्हें विश्वास है कि हमारे मेहमान भारतीय मेहमाननवाजी की गर्मजोशी का आनंद लेंगे। राष्ट्रपतिजी 9 सितंबर को डिनर देंगी। 10 तारीख को नेता राजघाट पर गांधीजी को श्रद्धांजलि देंगे। समापन समारोह में, उसी दिन, जी20 नेता एक स्वस्थ 'एक पृथ्वी' के लिए 'एक परिवार' की तरह मिल कर एक स्थायी और न्यायसंगत 'एक भविष्य' के लिए अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा करेंगे।

### सेशन की अध्यक्षता करेंगे मोदी

मोदी ने बताया कि वह जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान, वे 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' पर सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इसमें विश्व समुदाय के लिए प्रमुख चिंता के कई मुद्दों को शामिल किया जायेगा। इनमें मजबूत, टिकाऊ, इनक्लूसिव और संतुलित विकास को आगे बढ़ाना शामिल है। हम जेंडर इक्वेलिटी, महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने और दुनिया में शांति सुनिश्चित करने के लिए भी सामूहिक रूप से काम करेंगे।

### जी-20 दो दिन का शेड्यूल

- सुबह 9.30 बजे भारत मंडपम पर मेहमानों का आगमन। ट्री ऑफ फायर पर प्रधानमंत्री के साथ वेलकम फोटोग्राफी होगी। लीडर्स लाउंज में मेहमान जुटेंगे।
- सुबह 10.30 बजे: समिट हॉल में वन अर्थ पर पहला सेशन होगा। इसके बाद लंच
- दोपहर 1.30 बजे: मेहमानों की द्विपक्षीय मुलाकाता
- दोपहर 3.00 बजे: समिट हॉल में चन फैमिली पर दूसरा सेशन मेहमान होटल लौटेंगे।
- शाम 7.00 बजे: डिनर के लिए मेहमान आयेंगे। यहां भी वेलकम फोटोग्राफी होगी।
- रात 8.00 बजे डिनर के दौरान चर्चा
- रात 9.10 बजे लीडर्स लाउंज में मेहमान जुटेंगे और यहां से वापस होटल लौटेंगे।
- 10 सितंबर: तीसरा सेशन द्विपक्षीय मुलाकातें
- सुबह 8.15 बजे राजघाट पर मेहमानों का आगमना यहां बने लीडर्स लाउंज में पीस वॉल पर दस्तखत करेंगे।

# अमेरिका-सऊदी के साथ रेल-पोर्ट डील में शामिल होगा भारत

- मिडिल इस्ट में चीन को काउंटर करने के लिए बनी रणनीति


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत, अमेरिका और सऊदी अरब के बीच एक इंफ्रास्ट्रक्चर डील फाइनल हो सकती है। इसके तहत खाड़ी देशों को अरब देशों से जोड़ने के लिए रेलवे प्रोजेक्ट पर बात हुई। इस रेलवे नेटवर्क को बंदरगाह और शिपिंग लेन के जरिये भारत से भी जोड़ा जायेगा। इस डील के लिए तीनों नेताओं के बीच बात चल रही है। तीनों देशों के नेताओं की जी-20 समिट के दौरान इस मुद्दे पर बातचीत संभव है। इस प्रोजेक्ट के तहत रेल और पोर्ट को डेवलप किया जायेगा। इस बात की जानकारी सबसे पहले अमेरिकी न्यूज लेटर एक्सियस से मिली है। प्रोजेक्ट शुरू करने के पीछे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) को बताया जा रहा है।



बाइडेन प्रशासन 2024 के चुनाव से पहले सऊदी अरब और इजराइल के बीच संबंधों को सामान्य कराने और इस डील को फाइनल करने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले मई में खबर आयी थी कि भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने सऊदी अरब में अमेरिका के और यूएइ के एनएसए के साथ इस डील को लेकर बातचीत की है।

### जी-20 समिट में शामिल होने राष्ट्रध्यक्ष पहुंचे




- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन
- ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी
- जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और उनकी पत्नी
- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज
- इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी
- ओमान के सुल्तान और प्रधानमंत्री हैथम बिन तारिक
- पुतिन की जगह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना

# भ्रष्टाचार, अपराध मुक्त झारखंड के लिए भाजपा को मजबूत करें: बाबूलाल मरांडी

- धनवार की संकल्पसभा में 2024 चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान



आजाद सिपाही संवाददाता

**डोमचांच।** संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत धनवार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के भारी समर्थन से जन संकल्प यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के हेमंत सरकार में झारखंड का विकास तो नहीं हुआ, बल्कि कानून व्यवस्था चौपट हो गयी। प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटना से झारखंड भयभीत है।

उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करनी थी, वह हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली और हेमंत सरकार के खिलाफ बोलनेवालों पर केस करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल, ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। सरकारी पदाधिकारियों को मोबाइल रिचार्ज की तरह पद पर बने रहने के लिए रिचार्ज करना होता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त प्रदेश बनाना है, तो झारखंड से हेमंत सरकार को हटाना है और भाजपा को लाना है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा बंधन पर बहनों को गैस पर सब्सिडी के रूप में बड़ा तोहफा दिया है। मोदी ने झारखंड के लिए कई योजनाएं दी हैं, किंतु उसमें भी हेमंत सरकार घालमेल कर रही है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल में यहां नियुक्ति नहीं हुई है। स्कूल, अस्पताल और अन्य सरकारी कार्यालयों में भारी संख्या में पद रिक्त पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में सड़क, पुल पुलिया की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। तीसरी, गांवा के कई सड़कों की स्थिति बदतर है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार टार्गेट कर भाजपा के कार्यकर्ताओं को झूठे केस में फंसा रही है।

उन्होंने कहा कि परिवार, पैसे, बिचौलिया, दलालों के लिए राजनीति करनेवाले हेमंत इडी की करवाई से डर कर भाग रहे हैं। यह सरकार दलालों, बिचौलियों को बचाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग और योजनाओं में सरकार पैसा लेना बंद करे, भ्रष्टाचार खुद समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जनता की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने झारखंड राज्य के सपने को साकार किया था और गांव-गांव सड़क, नदी नालों पर पुल पुलिया और बिजली दिया था। इस प्रदेश को संवारने का कार्य भी भाजपा ही करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए, झारखंड में विकास कार्य के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए भारतीय जनता पार्टी को लाना होगा। उन्होंने 2024 में केंद्र में मोदी को प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। सभा को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, स्थानीय विधायक नीरा यादव ने भी संबोधित किया।

## चाइबासा में नक्सलियों ने की रिटायर्ड बीएसएफ जवान की हत्या

**गोइलकेरा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम के गोइलकेरा प्रखंड में नक्सलियों ने बीएसएफ के रिटायर्ड जवान सुखलाल पूर्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। जवान सुखलाल पूर्ति को उसके घर में घुस कर गोली मारी गयी, जिससे उनकी मौत हो गयी। नक्सलियों ने गुरुवार की देर रात घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत कदमडीहा पंचायत के काशीजोड़ा गांव में गुरुवार, 7 सितंबर की रात को 15-20 की संख्या में नक्सली आ धमके, जिसके बाद हथियारबंद नक्सलियों ने बीएसएफ के रिटायर्ड जवान सुखलाल पूर्ति (50 वर्ष) को घेर लिया। जवान ने घर को पूरी तरह बंद रखा था, लेकिन नक्सली घर के दरवाजे को तोड़ कर अंदर घुसे और जवान को गोलियों से छलनी कर दिया।

**हत्या के बाद पर्चे भी छोड़ गये नक्सली :**

जवान की हत्या के बाद नक्सली पर्चे भी छोड़ गये हैं, जिसमें जवान पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है। इधर घटना की खबर मिलते ही पुलिस सुबह 8 बजे मृतक जवान के घर पहुंची। कासीजोड़ा गांव, गोइलकेरा चाइबासा मुख्य मार्ग में बसा गांव, जहां से सीआरपीएफ कैंप की दो बटालियन 5 से 8 किलोमीटर के दायरे में हैं।

# 18 आइपीएस का तबादला चंदन सिन्हा बने रांची एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 18 आइपीएस का तबादला किया है। इसके तहत 2011 बैच के आइपीएस चंदन सिन्हा को रांची का नया एसएसपी बनाया गया है, वहीं रांची एसएसपी कौशल किशोर को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है। इससे संबंधितअधिसूचना शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी गयी है।

### जानें कौन कहां गये

1. प्रतिस्थापन के लिए प्रतीक्षारत माइकल राज एस को डीआइजी स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।
2. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत चंदन कुमार सिन्हा को रांची एसएसपी के पद पर स्थापित किया गया है।
3. रांची एसएसपी के पद पर पदस्थापित कौशल किशोर को जमशेदपुर एसएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है।
4. एसडीपीओ सरायकेला के पद पर पदस्थापित हरविंदर सिंह को गुमला एसपी बनाया गया है।
5. रांची ट्रैफिक एसपी के पद पर पद स्थापित हरीश बिन जमा को लोहरदगा एसपी बनाया गया है।
6. एसडीपीओ मेदनीनगर पलामू के पद पर पदस्थापित ऋषभ गर्ग को ग्रामीण एसपी जमशेदपुर बनाया गया है।
7. एसडीपीओ चक्रधरपुर के पद पर पदस्थापित कपिल चौधरी को धनबाद ग्रामीण एसपी बनाया गया है।
8. एएसपी अभियान लोहरदगा के पद पर पदस्थापित दीपक कुमार पांडे को गढ़वा एसपी बनाया गया है।
9. नवनियुक्त आइपीएस अनुदीप सिंह को कोडरमा एसपी बनाया गया है।
10. नवनियुक्त आइपीएस अनिमेष नैथानी को जामताड़ा एसपी बनाया गया है।
11. नवनियुक्त आइपीएस राजकुमार मेहता को रांची सिटी एसपी बनाया गया है।
12. नव नियुक्त आइपीएस मनीष टोप्पो को रांची ग्रामीण एसपी बनाया गया है।
13. नवनियुक्त आइपीएस कैलाश करमाली को एसीबी एसपी बनाया गया है।
14. नवनियुक्त आइपीएस आरिफ एकराम को एसीबी एसपी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।
15. नवनियुक्त आइपीएस अजय कुमार को एसपी एसीबी रांची बनाया गया है।
16. नवनियुक्त आइपीएस शंभू सिंह को स्पेशल ब्रांच एसपी बनाया गया है।
17. नवनियुक्त आइपीएस अजीत कुमार को धनबाद सिटी एसपी बनाया गया है।
18. नवनियुक्त आइपीएस पूज्य प्रकाश को स्पेशल ब्रांच एसपी बनाया गया है।

# अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बने हिदायतुल्ला खान और उपाध्यक्ष बने शमशेर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बोर्ड-निगम व आयोग के खाली पदों को भरना शुरू कर दिया है। आवास बोर्ड, हिंदू न्यास बोर्ड, गौ सेवा आयोग, झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद, युवा आयोग काम करने लगे हैं। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के गठन के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 2001 की धारा 4 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का पुनर्गठन किया गया है। अब अल्पसंख्यकों के महत्वपूर्ण विभाग का झारखंड सरकार ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सेंट्रल कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य हिदायतुल्लाह खान को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू को बनाया गया है। इसके अलावा आठ व्यक्तियों को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य भी बनाया गया है। इनमें मोसलेउद्दीन तौसीफ, सुशील मरांडी, वारिस कुरैशी, सफ्फार अंसारी, बरकत अली, एकरारूल हसन, सविता टुडू और सोगरा बीवी शामिल हैं।



शमशेर आलम।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. (1) टीआरडी-आरएनसी-23-24-16, (2) टीआरडी-आरएनसी-23-24-17, दिनांक 06.09.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** (1) (i) 1 इन 8.5 पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग्स को 1 इन 12 पाइंट्स एवं क्रॉसिंग्स से बदलकर टीआईएस-सांकी लाइन की रिग्रेडिंग कर ओएचई का रूपांतरण सांकी की ओर टर्नआउट्स में गति को बढ़ाने के लिए आवश्यक है। (ii) मुरी स्टेशन पर स्टेशन के मौजूदा एफओबी को 6.10 मी. चौड़े एफओबी से बदलकर ओएचई में संशोधन। (2) आरएनसी मंडल की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहचाने गए 01 पिस्का (पीआईएस) स्टेशन पर 12.0 मी. चौड़े एफओबी के प्रावधान के चलते ओएचई में संशोधन। **कार्य की अनमानित लागत:** ₹ 12,74,197.43 (क्रमांक 1 के लिए) एवं ₹ 12,35,006.44 (क्रमांक 2 के लिए)। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 25,500/- (क्रमांक 1 के लिए) एवं ₹ 24,700/- (क्रमांक 2 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.09.2023 को अपराह्न 03.00 बजे प्रत्येक के लिए। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps. gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। **(PR-584)**

# बेबी देवी की जीत पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में बेबी देवी की जीत की खुशी में झामुमो रांची जिला समिति के कार्यकर्ता और आइएनडीआइए के कार्यकर्ताओं ने रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर जुलूस निकाल कर अबीर गुलाल लगा, मिठाई बांट कर जश्न मनाया। एक दूसरे को बधाई देते हुए जम कर आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डुमरी विधानसभा उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत डुमरी विधानसभा के मतदाताओं का स्व. जगरनाथ महतो के प्रति प्यार और सम्मान को दर्शाता है। आइएनडीआइए गठबंधन की जीत और भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की हार आनेवाले झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की झांकी मात्र है। धन बल, झूठ बल, जुमला बल की हार हुई है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, अंतु तिर्की, सीपीआइ केडी सिंह, अजय सिंह, जनक नायक, बीरू तिर्की, जुल्फिकार खान, लालजी रमण, जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, मोजाहिद हुसैन, साहिल यादव, वसीम राबिया खान, आशुतोष वर्मा, सुहैल खान, समीम अंसारी, मो साजिद, संध्या गुड़िया, शांति तिर्की, आरजेडी के राजेश यादव, फिरोज अंसारी, शाहनवाज, कयूम अंसारी, गोपाल पांडेय, सुषमा उरांव, मंटु लाला, निखिल मिश्रा, राहुल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डुमरी में बेबी देवी की जीत स्वर्गीय जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि: संजय



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डुमरी में हुए उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत स्वर्गीय जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि है। उपरोक्त बातें कोडरमा झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कही। उन्होंने कहा कि टाइगर जगन्नाथ दा के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जहां एक और एनडीए गठबंधन के लोग तरह-तरह के प्रलोभन देकर वहां के मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रही थी वहीं डुमरी के जनता ने यह बता दिया अभी भी लोगों के दिल में टाइगर जगन्नाथ महतो बसते हैं। इसी का नतीजा है कि सभी बातों को भूलकर जगन्नाथ महतो से अधिक वोट देकर बेबी देवी को जीत दिलाए। उन्होंने कहा कि कभी बाबूलाल मरांडी कहते थे कि खेती बारी कर लूंगा पर भाजपा में नहीं जाऊंगा, पर आज वे संकल्प सभा के नाम पर जनता को बरगलाने निकले हैं। लेकिन राज्य की जनता जानती कि राज्य में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी।

## भाकपा की बैठक आज लरियाडीह में

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि 9 सितंबर को भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक कोडरमा प्रखंड के श्यामली पब्लिक स्कूल लरियाडीह में दोपहर 12 बजे से रखी गयी है। बैठक में जिप सदस्य महादेव राम, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कउम उद्दीन, पुरुषोत्तम यादव, सोनिया देवी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## बेबी देवी की जीत पर डुमरी की जनता को दी बधाई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आइएनडीआइए महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर डुमरी जनता को बधाई दिया। कहा कि महागठबंधन के नेता हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय दिया जबकि जनता ने टाइगर जगन्नाथ महतो के कार्यों के प्रति उन्हें श्रद्धांजलि में यह जीत का तोहफा दिया। महागठबंधन की हेमंत सरकार के विरुद्ध भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा की हवा निकल चुकी है और 2024 में जीत का बिगुल बज चुका है।

## केटीपीएस में वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीवीसी द्वारा संचालित केटीपीएस के गेट नंबर एक के बाहर जेडी जाड़िया कंपनी से काम से हटाए गये मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन वार्ता के पश्चात समाप्त हो गया। गुरुवार देर शाम को प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने मजदूर नेताओं के साथ बातचीत की। वार्ता में हड़ताली मजदूरों को सोलर प्लांट में काम देने पर सहमति बनी। इसके पश्चात हड़ताल समाप्त हुई। वार्ता में डीवीसी के उप मुख्य अभियंता अर्णव मित्रा, प्रवीण चांद, डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह, एच आर नरेश साहू, सुधीर कुमार, जिप सदस्य महादेव राम, एक्टू जिला संयोजक सह झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के सचिव विजय पासवान, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान, दशरथ पासवान, रंजीत भारती सहित कई लोग शामिल थे। हड़ताल में विकास शर्मा, अर्जुन यादव, मोहम्मद सदीक, धानेश्वर रविदास, रोहित कुमार बैठे थे।

## खांडी में हुई घटना के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर थाना का घेराव



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** थाना कांड संख्या 75/23 के मुख्य आरोपी जिबरैल अंसारी की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में खांडी और जोगीडीह गांव के हजारो ग्रामीणों ने चंदवारा थाना का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जिबेरेल अंसारी हाय, हाय जिबरेल अंसारी को गिरफ्तार करो के नारे लगाये। वही पूर्व विधायक के नेतृत्व में हुए चंदवारा थाना प्रभारी से वार्ता के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के मौजूदगी में ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मुझे जांच पड़ताल के लिए कुछ और समय दिया जाये दिया जाय। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है, 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद पूर्व विधायक श्री यादव ने ग्रामीणों को समझाया कि पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर दोषी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं होती है तो आगे चलकर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा। मौके पर प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, मुखिया असगर अंसारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, विनोद वर्णवाल, ब्रहमदेव यादव, राजेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, उमर साव, डोमन शर्मा, अजय यादव, लक्ष्मण यादव, सुरेन्द्र रविदास, देवी रजक, महेश यादव, वासुदेव यादव, वंशी यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी को लेकर बैठक




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में आकांक्षी प्रखंड के ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने हेतु सभी विभाग की बैठक शुक्रवार को की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ पप्पु रज्जक ने की। कोडरमा जिला के दो ब्लॉक जयनगर और मरकच्चो नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड चयनित है। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी मरकच्चो कोडरमा के डॉ प्रदीप बैठा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, सीआइ दिनेश राम, जेएसएलपीएसबीपीएम नंदकिशोर, पेयजल और स्वच्छता विभाग के राम पुकार, जेइ कर्ण, महिला पर्यवेक्षक का माधुरी कुमारी विभा कुमारी उपस्थित थी।

## डीएवी स्कूल में मनाया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में बच्चों ने 1 सितंबर से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषक सप्ताह के रूप में मनाया। राष्ट्रीय पोषक सप्ताह का मूल उद्देश्य स्वास्थ्य के लिए पोषण के महत्त्व के प्रति बच्चों व अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाना था। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। भारत में सेहत व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से ज्यादा रोगियों का आंकड़ा है। बीमारियों के बढ़ने की एक वजह बिगड़ी जीवनशैली और गलत खानपान भी है। कक्षा एलकेजी से दूसरी कक्षा के बच्चों ने प्रतिदिन भिन्न-भिन्न गति-विधियों के माध्यम से सभी लोगों में जागरूकता फैलाया। सब्जियों व फलों पर सुंदर कविताएं भी सुनाई दूसरी कक्षा के बच्चों ने स्वस्थ भोजन व स्वास्थ्य का प्रदर्शन कर उससे जुड़ी कुछ पंक्तियाँ बोली। बच्चों ने अनाज की बबार्दी न करने की भी सलाह दी। उन्हें बताया गया कि उतना ही लो थाली में कि व्यर्थ न जाए नाली में। विद्यालय की शिक्षिका लक्की पाठक, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शिल्पी गुप्ता एवं कृति कुमारी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारा सर्वोत्तम धन है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक भोजन का करना आवश्यक है। कार्यक्रम को संचालित करने में सीसीए इन्चार्ज श्वेता सिंह ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# चरही घाटी में हादसा, चार की मौत

**बिहार से रजरप्पा पूजा करने जा रहे थे लोग, पलटी स्कार्पियो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** हजारीबाग के चरही में शुक्रवार को एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास हुई है। हादसे में जो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई उस गाड़ी का नंबर BR 06 PE 7091 है।

**चार लोगों की मौके पर ही मौत:** स्थानीय लोगों के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह लगभग 6.30 बजे की है। बिहार से अपने स्कार्पियो में सवार होकर सात लोग रजरप्पा मंदिर पूजा के लिए निकले थे। चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास उनकी गाड़ी का संतुलन अचानक बिगड़ गया। स्कार्पियो एक लेन से पलटती हुई दूसरी लेन पर पहुंची और नीचे खाई में जाकर गिर गयी। स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे तो पाया कि मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई।

**घायलों को गेट काटकर निकाला गया बाहर:** इस हादस में तीन लोग गंभीर रूप से घायल है घायलों को चरही पुलिस इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दी है। घटना इतनी भयावह थी कि स्कार्पियो के गेट को काट-काट कर मृतकों को बाहर निकाला गया। क्रेन बुलाकर खाई में गिरी कार को खींचकर निकाला गया। एनएच 33 का एक लेन लगभग आधे घंटे तक जाम रहा। समाचार लिखे जाने तक एनएच 33 पर वाहन सुचारू रूप से चालू हो गये थे।

# मरकच्चो में हुआ मरांडी का भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** डोमचांच प्रखंड स्थित सीएम हाई स्कूल मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने बरियारडीह चौक पर मंडल अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में ढोल नगाड़े बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। कोडराम विधायक नीरा यादव ने बाबूलाल मरांडी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर राजकुमार यादव, रमेश हर्षधर, बेदू साव, मुखिया रंजीत कुमार सिंह, सुनील यादव, बसंत कुमार साव, सुरेन्द्र यादव, दशरथ यादव संजु, कैलाश प्रसाद यादव, शम्भु सिंह, अनेश्वर सिंह, पवन सिंह, रविंद्र पांडेय, रामलाल यादव, मुखलाल वर्मा, किशोर यादव, यमुना यादव, कालेश्वर यादव, राजकुमार यादव, पंकू साव, उमेश्वर वर्मा, हीरालाल यादव, राजकुमार साव, पवन यादव, सुबेश यादव, नकुल यादव, महेश यादव, कारु सिंह मौजूद थे।

# छठ से पहले बिहार जानेवाली ट्रेनों की सीटें फुल

**मुंबई-दिल्ली जाने वाली ट्रेनें भी तेजी से हो रही बुक**

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पर्व त्योहार को लेकर रेलवे एक सहारा बना रहता है। लाइफ के रूप मे नई दिल्ली हावडा ग्रेड कोड सेक्शन जाना जाता है। कोडरमा धनबाद और गया की ओर चलने वाली और आने वाली ट्रेनों में तेजी से दिपावली से लेकर अन्य पर्व त्योहारों में सीटें फुल हो चुकी है। कुछ सीटे खाली है वे भी काफी तेजी से बढ रही है। कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली पटना रॉची वंदे भारत एवं इस माह के 12 तारीख से गिरिडीह से रॉची के लिए भाया कोडरमा हजारीबाग टाउन के रास्ते इन्टरसीटी बिहार वासियों के लिए विकल्प बनेगी। इसमें अभी टिकटें खाली है। वन्दे भारत मंगलवार को छोडकर सप्ताह में 6 दिन चल रही है। इधर नवंबर के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत छठ पर्व से होगी। 17 नवंबर को नहाय-खाय के साथ आस्था का पर्व शुरू हो जाएगा। इसे लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों में वापसी की भीड़ है, तो बिहार जाने वाली ट्रेनों में टिकट बुकिंग की रफ्तार तेज हो गई है।

**ट्रेनों में धड़ाधड़ हो रही बुकिंग:** उत्तर बिहार की ट्रेनें अभी से ही फुल हो गई हैं। बिहार के अन्य शहरों तक पहुंचने के लिए टिकट तेजी से बुक हो रही है। गंगा-दामोदर, गंगा-सतलज को छोड़ दूसरी ज्यादातर ट्रेनों की सीटें भर चुकी हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत से लौटने वाली ट्रेनों में या तो लंबी वेटिंग लिस्ट हैं या फिर नो रूम हो चुकी हैं।

**धनबाद आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का हाल:** 14 नवंबर को भावनगर-आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर में वेटिंग, थर्ड और सेकेंड एसी में नो रूम, 14 नवंबर को मुंबई मेल में वेटिंग लिस्ट 672 व 15 को 562, थर्ड एसी में 615 व 438, कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस में 14 व 15 नवंबर को स्लीपर में वेटिंग, थर्ड एसी में आरएएसी, 14 नवंबर को सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस में स्लीपर में 652, सेकेंड एसी में 278 वेटिंग लिस्ट, तो थर्ड एसी में नो रूम, 16 नवंबर को हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस के स्लीपर में 378, थर्ड एसी में 275 वेटिंग लिस्ट, सेकेंड एसी में नो रूम, 14 से 16 नवंबर तक जोधपुर व अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस में स्लीपर से सेकेंड एसी में वेटिंग है। इसी प्रकार अन्य ट्रेनों में भी तेजी से दुर्गा पूजा दीपावली छठ को लेकर ट्रेनों मे सीटे उपलब्ध नही है। कई यात्रियों के लिए तत्काल ही सहारा बन सकता है जबकि कई यात्री अपनी निजी वाहनों से परिवार के साथ पर्व मनाने के लिए कोडरमा पहुंचेंगे।

# भगहर पंचायत का एसडीओ और बीडीओ ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चौपारण। अनुमंडल** पदाधिकारी बरही चौपारण प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भगहर पंचायत के मतदान क्षेत्रों के बीएलओ, सुपरवाइजर और वहां मुखिया जी, बुद्धिजीवी के साथ बीडीओ चैंबर में बैठक की गयी। इन बूथों लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान का प्रतिशत रहा जो चिंता का विषय है लोगों में जागरूकता का आभाव है जिसके कारण लोग अपने चुनावी अधिकार से वाचित रह जाते है। अधिकांशतः लोगों का जीवन शैली भौतिक सुख सुविधाओं से कोषों दूर है आज भी इन लोगों के पास बिजली, पानी, स्वस्थ, शिक्षा, सड़क की समस्या है। भारत में खासकर झारखंड के कुछ शहरों का विकाश तो हुवा है लेकिन गांवों की समस्या यथावत बनी है यहां के लोग वर्तमान परिवेश के प्रतिकूल जीवन यापन को विवश है यहां की भौगोलिक स्थिति चारों ओर घने जंगल व ऊंचे पहाड़ों से घिरा है बच्चों के शिक्षा-दीक्षा के लिए मध्य विद्यालय, उच्च शिक्षा के लिए चौपारण जाना पड़ता है जिसके लिए कई परिवार सक्षम नही है।पदाधिकारियों का लगातार प्रयास होता है की बच्चों को बेहतर शिक्षा की व्यवस्था हो इनको स्वास्थ सुविधा मिल सके अन्य सरकारी सुविधा सुलभ रूप से इन्हे प्राप्त हो। इन सभी समस्या और उसके समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय में बैठक की गयी। इसी क्रम में मध्य विद्यालय भगहर का निरीक्षण किया गया जिसमे पाया गया की 50% बच्चे ही उपस्थित थे। मध्य विद्यालय भगाहर में 8 तक क्लास है, परंतु शिक्षकों की संख्या मात्र तीन ही हैं। चार महीने से रसोइया को वेतन नहीं मिला है।

## गार्ड वाल और कलवर्ट निर्माण का शिलान्यास



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत नावाडीह1 के ग्राम बहादुरपुर में 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गार्ड वाल और कलवर्ट निर्माण का शिलान्यास 8 सितम्बर को कोडरमा विधायक नीरा यादव व वार्ड सदस्य पूजा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जिप सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार यादव, बेदू साव, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, पवन यादव, सुरेश दास, सुबेश यादव, बनवारी यादव, शंकर यादव, बासुदेव यादव, छोटू यादव, केदार महतो, प्रयाग महतो, पंकज यादव मौजूद थे।**

## प्रमंडलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण समारोह को लेकर डीसी ने की बैठक

# 5193 प्रशिक्षित युवाओं के बीच होगा नियुक्ति पत्र का वितरण

**मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल**

**उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर हर सुविधाओं को चुस्त दुरुस्त रखने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 11 सितंबर को प्रमंडलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण समारोह के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हर प्रशासनिक बिंदुओ पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कहा की हजारीबाग प्रमंडल के सभी सात जिलों से बड़ी संख्या में लाभुक नियुक्ति पत्र लेने आयोजन स्थल पर आयेंगे इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी आपसी तालमेल बनाकर कार्यक्रम के सुगम संचालन के लिए केन्द्रित रहेगें। आयोजन स्थल पर हर प्रकार की सुविधाओं मसलन पानी की पर्याप्त व्यवस्था, भोजन, अस्थाई शौचालय, निर्बाध बिजली आदि को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक तैयारियों का आकलन कर मुक्कमल व्यवस्थाएं बनाएं रखने को कहा। उपायुक्त ने तैयारियों में कोई कोर कसर न रहें। प्रमंडलीय आयोजन में समन्वय के लिए उपायुक्त ने श्रम और नियोजन विभाग के सभी सात जिला के अधिकारीयों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। ज्ञात हो कि 11 सितंबर को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हजारीबाग दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वें प्रमंडलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे।

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दिक्षित, एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, प्रशिक्षु आईएस सुलोचना मीणा, एनडीसी डेविड बलिहार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, उप श्रमायुक्त अनिल कुमार, नियोजन पदाधिकारी सुलोचना दास, एपीआरओ परिमल कुमार मौजुद थे।

## विष्णुगढ़ में खेलो झारखंड प्रतियोगिता



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय एथलीट, वॉलीबॉल, कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, प्रमुख जैबुन निशा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, प्रधानाध्यापक फणीश्वर महतो, बीपीएम कुणाल कुमार, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। प्रमुख जैबुन निशा ने कहा कि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नौकरी प्राप्त की जा सकती है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि खेल में अपने नाम के साथ-साथ अपने देश का नाम ऊंचा किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनीता महतो ने किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ में अतिथियों के द्वारा गोला फेंक कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश विद्यार्थी, लालधन महतो, वाल्मीकि मुनि, बबीता कुमारी, ललित महतो, विनोद महतो, समेत खेल में शामिल बालक बालिकाएं शामिल थे।

## दरिया में सहायता राशि और स्कूटी का हुआ वितरण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के दरिया में कौशल भारत खुशहाल भारत का नारा देते हुए स्वरोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रांसमिंटो डेवलपमेंट फाउंडेशन के तहत प्रखंड के सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। संस्था के द्वारा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त की हुई महिलाओं को स्कूटी, बाइक और सहायता राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, राजद नेता राजकुमार यादव, जीप सदस्य रेणु देवी उपस्थित थी। अतिथियों के हाथों 15 लोगों को स्कूटी और बाइक का वितरण किया गया। साथ ही दर्जनों लोगों को सहयोग राशि दिया गया। मुख्य अतिथि जीप चेयरमैन उमेश मेहता ने कहा की लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अच्छा प्रयास है। हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़ जिला कार्यक्रम की संचालक सोनम मेहता ने बताया की 45 हजार लोग जुड़ कर स्वरोजगार और आत्म निर्भर बन रहे हैं। मौके पर सुचित कुमार मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, पूर्व मुखिया इंद्र देव मेहता, बसंत नारायण मेहता, बीडीयम राजेश कुमार, दिलीप प्रसाद, उदय यादव, रेखा देवी, ट्रेनर लक्ष्मी कुमारी, नीतू राज, सुनीता देवी, मुनिया देवी, पार्वती देवी, ज्योति देवी, अनामिका, खुशबू कुमारी, काजल कुमारी के अलाव बीडीएम, डीडीएम उपस्थित थे।

## मंत्री बेबी देवी की जीत पर झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश के डुमरी विधानसभा की उपचुनाव में झारखंड प्रदेश के स्वर्गीय भूतपूर्व मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी की भारी मतों से विजय होने पर झामुमो व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई तथा डुमरी विधानसभा के जनता को बधाई दी। झामुमो मुख्य संयोजक संजय सिंह, कांग्रेस जिला महासचिव पंकज गुप्ता, संजय भुईया, गुड्डू राम, मुजफ्फर अली, संजय भुईयां, नंदकिशोर भुईयां, विशेश्वर राम, पवन तुरी, राकेश मिश्रा, सीकरी पंचायत अध्यक्ष प्रयाग महतो, सचिन मोहम्मद सफीक, कोषाध्यक्ष इश्वरी पासवान, दिलीप कुमार, बालेश्वर महतो, उपेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, प्रभु महतो, प्रदीप प्रभाकर, मोहम्मद हेसाम, बालेश्वर महतो, मुंशी महतो, इत्यादि दर्जनों उपस्थित थे।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन की जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधानसभा में संपन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जित पर केरेडारी के महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। शुक्रवार को हुए मतगणना में महागठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी ने एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार व अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू पार्टी की यशोदा देवी को 17,100 मतों से पराजित कर डुमरी विधानसभा सिट पर विजय प्राप्त किया है महागठबंधन उम्मीदवार बेबी देवी की जित पर केरेडारी प्रखंड के झामुमो व कांग्रेस सहित महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जित का जश्न मनाया है।

पेज 01 का शेष

## संघर्ष ही आदिवासियों की पहचान...

इस क्रम में शहीदों के आश्रितों को नौकरी और पेंशन के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया गया है।

**आज भी कई चुनौतियां हैं, लेकिन हमारे कदम नहीं रुकेंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। आदिवासी दलित और पिछड़े लोग दशकों से हाशिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है। अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं, तो कुछ ताकतें इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। लेकिन, हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है, उससे नहीं डिगेंगे। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, इन्हें मजबूत करने के रास्ते पर चल पड़े हैं और कदम नही थमेंगे।

**साढ़े तीन वर्षो में विकास की लंबी लकीर खींची है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के गठन के बाद कोरोना महामारी और सुखाड़ का सामना करना पड़ा। आज हर वर्ग और हर तबके के लिए सरकार की योजनाएं हैं। पिछले साढ़े तीन वर्षों में तमाम चुनौतियों के बीच हमारी सरकार ने विकास की एक लंबी लकीर खींची है। यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा जिस तरह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम शुरू हुआ, उसी तरह अब सभी बेघर को पक्का मकान देने का निर्णय सरकार ने लिया है। बहुत जल्द अबुआ आवास योजना की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि अब यहां के आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों का विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। शिक्षा की बेहतरी के लिए उत्कृष्ट विद्यालय खोले गये हैं। छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोतरी, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में सहायता समेत कई सुविधाएं दी जा रही हैं। अभिभावकों से कहना है कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ायें, खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार मदद करेगी।

**मानकी- मुंडा व्यवस्था को कर रहे मजबूत:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मानकी-मुंडा पारंपरिक व्यवस्था जनजाति समुदाय की मजबूत कड़ी है। यह समाज के पुरोधा हैं। इस व्यवस्था को हम और मजबूती दे रहे हैं, ताकि समाज को इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके बीच मोटरसाइकिल वितरित की।

**95 योजनाओं की रखी गयी आधारशिला, 31 का उद्घाटन:** मुख्यमंत्री ने 406 करोड़, 11 लाख, 58 हजार 3 सौ रुपए की लागत से 126 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 367 करोड़ 99 लाख 15 हजार रुपये की लागत वाली 95 योजनाओं की नींव रखी गयी। वहीं, 38 करोड़ 12 लाख 43 हजार 3 सौ रुपये की 31 योजनाओं का उद्घाटन हुआ। 25 लाभुकों के बीच 23 लाख 35 हजार 636 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गयी।

## शिक्षा के अलावा विकास का कोई विकल्प नहीं : प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय रामनारायण मेमोरियल महाविद्यालय में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर नव नामांकित छात्र छात्राओं को प्राचार्य और व्याख्याओं और एनएसएस वालंटियरों द्वारा स्वागत किया गया सर्वप्रथम भारतीय संस्कृति के अनुसार महान स्वतंत्रता सेनानी सह प्रथम सांसद बाबू राम नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में सीनियर स्टूडेंट्स और व्याख्याताओं द्वारा। नवनामांकित छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर चंदन का टीका लगाया गया और उन्हें गुलाब फूल देकर अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय के एनएसएस इकाइ द्वारा सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को न्यू एजुकेशन पॉलिसी के बारे में व्यापक रूप से बताया गया। इस मौके पर व्याख्याताओं में डा रेयाजदुद्दीन अंसारी, डा सुबोध कुमार सिंह, कुमारी मंजू सिंह, स्वेता सिंह, पूजा सिंह, शिव रतन सिंह, डॉ रामजीत यादव, कमरुद्दीन अंसारी, फखरुद्दीन अंसारी, सरयू यादव, अनिल कुमार सिंह, ओम प्रकाश निवलेंदु के अतिरिक्त कॉलेज के सभी कर्मी और छात्र और छात्रऐं उपस्थित थे।

## अवैध खनन में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जायेगा: डीएमओ



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिले में अवैध खनन परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार औचक छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला खनन पदाधिकारी गोपाल कुमार दास ने बताया कि खान निरीक्षक राजेश हांसदा द्वारा पुलिस बल के साथ सदर थाना क्षेत्र के निरंजना नदी के सिंदवारिया घाट समेत अन्य जगहों में हो रहे बालू के अवैध खनन की जांच की गयी। जांच के क्रम में अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। जिसे सदर थाना प्रभारी को सुपुर्द कर दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु एमएमडीआर एक्ट 1957 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिला और अनुमंडल स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान जारी है। अवैध खनन में संलिप्त लोगों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जायेगा।

## इंडिया गठबंधन की जीत पर डुमरी की जनता को बधाई : सुजीत कुमार




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा कि प्रत्याशी श्रीमती बेबी देवी की भारी बहुमत से जीत पर डुमरी विधानसभा की जनता के साथ-साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल के साथियों को बधाई दी है। कुमार ने कहा कि झारखंड के डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के बाद यह सुनिश्चित हो गया है कि देश की जनता बदलाव चाहती है और वह इंडिया गठबंधन की तरफ बड़े ही आशा भरी निगाहों से देख रही है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मोहन शुक्ला, उपेंद्र यादव, डॉक्टर केके शर्मा, दिलीप पांडे, संजीव सिंह, अशोक पांडे, अनिल कुमार, कमलेश राम, दिनेश दास, कुंदन कुमार, अखिलेश कुमार, मोहम्मद मुस्तफा, तारिक रजा, जीतू सिंह, अशोक प्रसाद, सुनील महतो और अन्य शामिल है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में शामिल हुए मंत्री सत्यानंद



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता प्रखंड के नावाडीह पंचायत के सैयपुर और डुमरी कला के तुलसीपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में शामिल हुए साथ ही कृष्ण सुदामा सखा संघ द्वारा आयोजित श्री कृष्ण महोत्सव में आयोजित दोबोला मुकाबला कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर समारोह में उपस्थित लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश सचिव रश्मि प्रकाश, प्रदेश सचिव भोली साहू, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व मुखिया कंचन यादव, मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह , ओरभोली साहू, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, सैरु यादव, चैतू यादव, अजय कुमार सिंह, महेश यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## डीसी ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 से 30 सितंबर तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता वाहन और स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत संचालित वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने जागरूकता वाहन और स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की से ली। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने डीसी को जागरूकता वाहन के रोस्टर की विस्तृत जानकारी दी। वहीं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बिचा पंचायत में लगाये जाने वाले कुपोषण उन्मूलन शिविर की भी जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा दी गयी। राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विशेष पहल के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों के आसपास न्यूट्री किचन गार्डन स्थापित करने को लेकर किये जा रहे बीज वितरण की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने डीसी को बताया कि स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों व लोगों को अपने घरों के आसपास न्यूट्री किचन गार्डन स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही इसके माध्यम से उन्हें होने वाले फायदे को लेकर भी जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। वहीं, स्वास्थ्य समृद्धि वाहन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हरी पत्तेदार सब्जियां, यथा साग, भिंडी, फ्रेंच बीन आदि के बीच का वितरण भी किया जायेगा। इस दौरान सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, चिकित्सक डॉ शशी भूषण खलको, राजकुमारी फाउंडेशन के कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### अरगड्डा की सरकारी दुकान में बिक रही थी नकली शराब

# छापे में दो पेटी बरामद, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़/ गिद्दी।** रामगढ़ में अवैध शराब के कारोबारी की कारगुजारी कम नहीं थी, कि अब सरकारी शराब दुकान के सेल्समैन भी अवैध कारोबार पर उतर गये हैं। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा में सरकारी शराब दुकान में शराब की वैसे बोतलें बेची जा रही थी, जिसमें सेल्समैन के द्वारा ही पानी मिलाकर रखा जा रहा था। इसकी गुप्त सूचना डीसी चंदन कुमार को मिली। इसके बाद उत्पाद विभाग ने इस पर कार्रवाई की। इस मामले की पुष्टि करते हुए शुक्रवार को सहायक उत्पाद आयुक्त अजय कुमार गोंड ने बताया कि तीन सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार सेल्समैन में हजारीबाग जिले के इचाक निवासी विक्की कुमार मेहता पिता बंगाली प्रसाद, रामगढ़ शहर के बिजुलिया निवासी सुजल सोनकर पिता मनोज लाल सोनकर और बस स्टैंड निवासी जयकुमार पिता राजेंद्र राम शामिल है।

**10 लीटर से अधिक पानी मिला हुआ शराब बरामद**

अरगड्डा सरकारी शराब दुकान में जब उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की तो वहां 10 लीटर से अधिक पानी मिला हुआ शराब बरामद किया गया। इस मामले में छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक कांग्रेस कुमार ने बताया कि वहां मैकडोनाल्ड नंबर वन के 375 एमएल की आठ बोतलें, 180 एमएल की 31 बोतलें, स्टर्लिंग बी-7 180 एमएल की आठ बोतलें, रॉयल चैलेंज की 375 एमएल की एक बोतल बरामद की गयी है।

**सरकारी दुकान में किसी भी कीमत पर शराब में मिलावट बर्दाश्त नहीं की जायेगी: अजय**

सहायक उत्पाद आयुक्त अजय गोंड ने बताया कि सरकारी दुकान में किसी भी कीमत पर शराब में मिलावट बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी दुकानों पर टीम निरीक्षण करेगी। साथ ही जहां भी अवैध कारोबार की गुंजाइश नजर आयेगी, वहां के सेल्समैन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### महिला को इलाज के लिए ले जा रहे एंबुलेंस ने ट्रक को मारी टक्कर

# महिला समेत दो की मौत, चार गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत कोरिया घाटी तिराहा मोड़ के समीप जहर खायी महिला को इलाज हेतु रांची ले जा रहा एंबुलेंस ने आगे चल रहे अज्ञात ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर में एंबुलेंस छह सवार में चार लोग सड़क पर जा गिरा। वही, एंबुलेंस सवार एंबुलेंस में ही दो लोग बुरी तरह फंस गये। घंटो मशक्कत के बाद कुजू पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से फंसे दो लोगों को बाहर निकाला जा सका। वही, सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। इधर, घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, जहर खायी हजारीबाग डुमरी इचाक निवासी जिरवा देवी पति भुनेश्वर सिंह भोक्ता को परिजनों द्वारा इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल हजारीबाग में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां परिजनों ने चिकित्सकों द्वारा रेफर किए जाने पर जिरवा देवी के बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस संख्या जेएच02क्यू-6900 से रांची रिम्स ले जा रहा था। इसी बीच नयामोड़ कोरियाघाटी फोरलेन सड़क पर आगे चल रहे ट्रक को पीछे से एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में घायल एक महिला की मौत सदर अस्पताल रामगढ़ में इलाज के दौरान हो गई। वही, एंबुलेंस चालक इटखोरी चतरा निवासी मदन पांडेय का रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर, भुवनेश्वर सिंह भोक्ता, सूरज सिंह भोक्ता और दो महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसका इलाज रिम्स रांची में चल रहा है। घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को कुजू ओपी पुलिस को ओपी ले आयी है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर गये डीसी चंदन

# समय सीमा के अंदर मतदाताओं का डोर टू डोर सर्वे करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार अपने अनोखे कार्य के लिए बहुत जल्द ही जिले में मशहूर हो गए हैं। वे कभी विकास की रूप रेखा तैयार करने के लिए रजरप्पा मंदिर पहुंच जाते हैं, तो कभी दामोदर घाट को आकर्षक बनाने के लिए गांधी घाट। उन्होंने टूटी झरना का कायाकल्प करने के लिए भी दौरा किया। शुक्रवार को वे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए मतदाताओं के घर पहुंच गए। आम जनता ने जब डीसी को अपने दरवाजे पर देखा तो वे लोग आवाक रह गये। हर कोई यह जानना चाहता था कि जो कार्य पहले शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका करती थीं, वह कार्य अब डीसी क्यों कर रहे हैं। लेकिन इसके पीछे की मनसा यह थी कि डीसी किसी भी कार्य में लापरवाही नहीं चाहते हैं। वह चाहते हैं कि जैसे वे मतदाताओं के घर पहुंचे हैं, वैसे ही उनके कर्मचारी ईमानदारी के साथ हर घर जाएं और मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य संपन्न करें।

**सुकरीगढ़ा लारी पहुंचे डीसी सर्वे कार्य का किया निरीक्षण**

डीसी ने चितरपुर प्रखंड अन्तर्गत सुकरीगढ़ा लारी में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर सर्वे का सुपर चेक किया था। इस दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता से बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन के बारे में भी जनकारी लिया। जिसमें घर - घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहतार्धारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम, स्थानीय रूप से स्थानांतरण, मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने के लिए प्रपत्र - 7 लेने, नाम संशोधन व स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने, ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6 बी से आधार लिंक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण 2023 के संबंध में जानकारी ली गयी। वहीं डीसी द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर हाउस टू हाउस सर्वे कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# बनारस की तर्ज पर दामोदर घाट पर होगी गंगा आरती

**दामोदर घाट को सुसज्जित करने के लिए जल्द तैयार करें डीपीआर: डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** देश में बनारस की गंगा आरती काफी मशहूर है। इसी तर्ज पर रामगढ़ के दामोदर नदी घाट पर भी आरती का आयोजन होगा। शहर के गांधी घाट के समीप पर्यटकों के आकर्षण के लिए एक विशेष घाट का निर्माण होगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार ने शुक्रवार को गांधी घाट का निरीक्षण किया। थाना चौक स्थित गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर डीसी ने कई अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा भी की।

**बच्चों के लिए लगेंगे झूले, बोटिंग करेंगे पर्यटक:** डीसी ने बताया कि बच्चों के लिए भी घाट पर विभिन्न खेलकूद के उपकरण लगाये जायेंगे। घाट पर पर्यटक बोटिंग, वॉकिंग स्ट्रेच आदि का भी आनंद ले पायेंगे। निरीक्षण के क्रम में उपरोक्त विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार को स्थल निरीक्षण से संबंधित विस्तृत भ्रमण प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने गांधी घाट पर किए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित डीपीआर तैयार करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद मनीष कुमार को दिया। डीसी ने डीपीआरओ डॉ असीम कुमार को घाट पर किए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित एजेंडा तैयार करते हुए नमामि गंगे योजना के तहत जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।



**घाट का होगा सौंदर्यीकरण**

योजना के मुताबिक गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जायेगा। प्रथम चरण में घाट की साफ सफाई व सीढ़ियों के निर्माण सहित सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। जिसके उपरांत बनारस की तर्ज पर शहर के दामोदर नदी घाट पर भी शाम के वक्त आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्य पूरा होने के उपरांत बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं शहर के करीब होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को एक स्थल पर एकत्रित होकर समय बिताने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही घाट पर विभिन्न प्रकार के बाजारों को भी विकसित किया जायेगा।

**शहर वासियों को इस घाट पर मिलेगा शांत वातावरण**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में रामगढ़ शहरी क्षेत्र में ऐसा कोई भी स्थल नहीं है जहां लोग शांत वातावरण में परिवार संग समय व्यतीत कर सकें। वहीं शहर में मनोरंजन के संसाधनों का भी अभाव है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत शहर के थाना चौक स्थित दामोदर नदी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** नव प्राथमिक विद्यालय बांसगढ़ा मे शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शपथग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेसला पंचायत के मुखिया प्रीति झा के द्वारा उपस्थित बच्चों, अभिभावकों और पंचायत के ग्रामीण को शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए शपथ दिलाया गया। इस मौके पर मुखिया प्रीति झा ने कहा कि सभी लोगों को शिक्षित होना चाहिए और यह तभी संभव है जब समाज के सभी लोग मिलकर शिक्षा का अलख जगाये। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विद्यालय की प्रचार्या संगीता देवी, शिक्षिका दीपा देवी, पंचायत के पूर्व मुखिया बिरेंद्र झा, शिक्षाविद रामेश्वर गोप सहित हेसला पंचायत ग्रामीण शामिल थे।

## डीसी ने किया कैथा क्षेत्र का निरीक्षण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले में कृषक पाठशाला का निर्माण किया जाना है। इसी संबंध में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने नगर परिषद अंतर्गत कैथा क्षेत्र में चिह्नित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर डीसी को जानकारी दी गई की कैथा क्षेत्र में लगभग 25 एकड़ भूमि पर कृषक पाठशाला का निर्माण किया जाना है। कृषक पाठशाला का निर्माण होने के उपरांत जिले में इंटीग्रेटेड फार्मिंग के क्षेत्र में बड़े स्तर पर किसानों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जायेगा। कृषक पाठशाला में प्रशिक्षण के दौरान किसानों के आवासन की भी सुविधा उपलब्ध होगी। कृषक पाठशाला में नेचुरल वेन्टीलेटेड पॉलीहाउस, डीप इरीगेशन सिस्टम, गोट शेड, सुकर शेड, ब्रायलर शेड, मत्स्य पालन हेतु तालाब निर्माण, वर्मी कंपोस्ट यूनिट आदि का निर्माण किया जायेगा जिससे कि जिले में कृषि को काफी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान डीसी ने स्थल निरीक्षण करते हुए अब तक कृषक पाठशाला के निर्माण के लिए की गयी कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। जिसके उपरांत डीसी ने तत्काल रूप से कृषक पाठशाला का निर्माण कार्य शुरू करने और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कृषक पाठशाला के लिए चिह्नित भूमि की चार दिवारी के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिया।

## जुबिली कॉलेज में मनाया गया विश्व साक्षरता दिवस




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि विश्व साक्षरता दिवस मनाने की शुरूआत युनेस्को के द्वारा किया गया था। जिसका उद्देश्य लोगों को साक्षर बनाकर सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि साक्षरता के बदौलत ही किसी भी घर-परिवार और समाज के साथ देश के विकास की नींव मजबुत होती है। मुख्य अतिथि मनोज लाल ने अपने आर्ट एंड क्राफ्ट कला से साक्षरता दिवस कार्यक्रम को छात्र-छात्राओं के बीच रोचक बना दिया। कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. विशेश्वर रविदास ने कहा कि साक्षरता दिवस 2023 की थीम परिवत्र्तनशील दुनिया में साक्षरता को बढ़ावा देना है। स्थायी और शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना है। डॉ. विभा राय ने कहा कि साक्षर होना सभी के लिए महत्वूपर्ण है। खास करके महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। क्योंकि एक महिला शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है। डॉ. एसएस पांडेय तथा प्रो. रजनी कुमारी ने कहा कि आज के विकसित समाज में निरक्षर होना अभिशाप है और साक्षर होना वरदान है। कार्यक्रम का संचालन वैष्णवी और जागृति ने किया। मौके पर सरस्वती, अदिति, उर्मिला, सानिया, बसंती, तनिशा, काजल, अंशु, सबिता, नितिश, मनोज, सुमित, रोहित, सायना, रागिनी, सोनी, पूनम, अणु, लक्ष्मी, श्याम, सुभाष, प्रार्थना, चांदनी, संगीता सहित कॉलेज परिवार का विशेष योगदान रहा।

## भुरकुंडा में मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा के संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूरे धूमधाम से विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। इसका शुभारंभ हनुमान चालीसा का पाठ कर किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर को दियों से भव्य रूप से सजाया गया था जो काफी मनमोहक दिखा। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूवात प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार और बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शामिल नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कहा गया कि विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल भुरकुंडा समिति का विस्तार हर बस्ती और हर गांव तक होगा। अभी विश्व हिन्दू परिषद 105 देशों में और भारत में लगभग एक लाख गांव में कार्य करता है। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के सह मंत्री मनोज पोद्दार, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, जिला मंत्री छोटू वर्मा, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका सह भुरकुंडा खंड पालक अनामिका श्रीवास्तव, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, भुरकुंडा खंड अध्यक्ष श्रवण कुमार, संयोजक किशोर कुमार, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका स्नेहल शर्मा, निम्मी पंचायत दुर्गा वाहिनी संयोजिका नैना कुमारी, सह संयोजिका मुस्कान कुमारी, जवाहर नगर पंचायत के अध्यक्ष राज नायक, राजेश सिन्हा, अमित शर्मा, सुरक्षा प्रमुख अभिषेक सोनी सहित कई लोग मौजूद थें।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 के छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा 3 के सभी छात्रों ने विभिन्न किताबें पढ़ीं। जिससे उनकी शब्दावली और संचार कौशल में सुधार हुआ। साथ ही कक्षा में उनके लिए बुकमार्क बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों ने किताबें पढ़ने पर नजर रखने में मदद के लिए अपने लिए रंगीन और जीवंत बुकमार्क बनाये। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने अपने प्रेरक शब्दों से उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान कथा से संबंधित कुछ दिलचस्प किताबों के बारे में भी सुझाव दिया। मौके पर अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह-प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदारकुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी मौजूद थे।

## खास है जी-20 समिट

जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष नई दिल्ली आना शुरू हो गए हैं। 9 और 10 सितंबर को होने वाली यह दो दिवसीय शिखर बैठक इस बार सबसे ज्यादा चर्चित इस वजह से हो रही है कि दो प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्ष- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग- इस सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे। पूतिन का न आना तो फिर भी अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता। यूक्रेन युद्ध की वजह से वह इस ग्रुप के ज्यादातर सदस्य देशों के निशाने पर हैं और इसलिए उनकी मौजूदगी दोनों पक्षों के लिए असुविधाजनक हो सकती थी। लेकिन चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का न आना ज्यादा अर्थपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी इस पर निराशा जताई है। कई एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अपनी गैरमौजूदगी के जरिए चीनी राष्ट्रपति यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि वह इस मंच को उतनी तवज्जो नहीं देते, जितनी ब्रिक्स और एसीओ (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन) जैसे उन मंचों को, जहां अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश नहीं हैं। निश्चित रूप से इन दोनों राष्ट्रध्यक्षों की गैरमौजूदगी जी-20 की इस शिखर बैठक की अहमियत को कुछ प्रभावित कर सकती है। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि दोनों में से किसी देश ने इस सम्मेलन का बहिष्कार नहीं किया है। उनकी नुमाइंदगी दूसरे नेता करेंगे। इसलिए सम्मेलन के अंत में संयुक्त वक्तव्य की संभावना अभी समाप्त नहीं हुई है।

**आज से दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष नई दिल्ली आ रहे हैं। इस समिट में दुनिया भारत की ताकत को देखेगी।**

दूसरी बात यह कि संयुक्त वक्तव्य से अलग भी बहुत कुछ ऐसा है, जिसे भारत के अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान जी-20 की उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया जा सकता है। इनमें से एक है ग्लोबल साउथ को मिलने वाली अहमियत। भारत पहले से यह मुद्दा उठाता रहा है कि दुनिया के कुल आर्थिक उत्पादन का 80 फीसदी, कुल आबादी का 60 फीसदी और कुल वैश्विक व्यापार का 75 फीसदी कवर करने के बावजूद यह मंच विकसित और गरीब देशों के मुद्दों को सही ढंग से संबोधित करने में नाकाम रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में पहली बार जी-20 के किसी अध्यक्ष देश ने ग्लोबल साउथ के 125 देशों की बैठक बुलाकर उनके मुद्दों को स्वर दिया। इसके अलावा, भारत ने अपनी अध्यक्षता में इस मंच के लिए मानवता के कल्याण और शांति का भी पैगाम दिया है। सरकार के विरोधियों की ओर से यह सवाल उठाया जाता रहा है कि जी-20 की अध्यक्षता रोटेशन के हिसाब से मिलती है और इसका पिछले साल भारत के पास आना बड़ी बात नहीं है। असल बात यह है कि सरकार इस मौके का इस्तेमाल कैसे कर रही है। अगर देखा जाए तो विकासशील, ग्लोबल साउथ और अफ्रीकी देशों की आवाज बनने की कोशिश के साथ भारत इस मौके का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में अपनी साख मजबूत करने के लिए भी कर रहा है और इसकी सराहना की जानी चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**जी-20 के कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की बैठकें भी देश के कुछ प्रमुख शहरों में आयोजित की गई, जिनमें कृषि वैज्ञानिकों-विशेषज्ञों तथा आला अधिकारियों के साथ ही जी-20 के सदस्य व विशेष आमंत्रित देशों के कृषि मंत्रियों ने शिरकत करके इस जी-20 आयोजन की थीम 'एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य' की दिल खोलकर प्रशंसा करने के साथ ही समूचे कृषि परिदृश्य को किसानों-कृषि क्षेत्र की भलाई के लिए सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई व इस पर आगे मिल-जुलकर काम करते रहने का संकल्प व्यक्त किया है।**

## भारत की जी-20 अध्यक्षता में सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य के लिए कृषि मूल्य श्रृंखलाओं का कायाकल्प



**नरेंद्र सिंह तोमर**

देश-दुनिया में लोकप्रिय हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, भारत की अध्यक्षता में जी-20 के आयोजन ने समग्र विकास की स्वर्णिम रेखा खींची है। वैश्विक कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण की विश्व आज सराहना कर रहा है। भारतीय अध्यक्षता में जी-20 का आयोजन ऐतिहासिक बन गया है। इस वृहद आयोजन के दौरान जी-20 के कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की बैठकें भी देश के कुछ प्रमुख शहरों में आयोजित की गईं, जिनमें कृषि वैज्ञानिकों-विशेषज्ञों तथा आला अधिकारियों के साथ ही जी-20 के सदस्य व विशेष आमंत्रित देशों के कृषि मंत्रियों ने शिरकत करके इस जी-20 आयोजन की थीम 'एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य' की दिल खोलकर प्रशंसा करने के साथ ही समूचे कृषि परिदृश्य को किसानों-कृषि क्षेत्र की भलाई के लिए सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई व इस पर आगे मिल-जुलकर काम करते रहने का संकल्प व्यक्त किया है।

**वैश्विक कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण की विश्व आज सराहना कर रहा है। भारतीय अध्यक्षता में जी-20 का आयोजन ऐतिहासिक बन गया है।**

स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करने वाली कृषि मूल्य श्रृंखलाओं का विस्तार और संवर्धन, न केवल खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए बल्कि भारत जैसे विकासशील देशों में गरीबी को कम करने के लिए भी एक सशक्त कार्यनीति है। अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में विकास की तरह, कृषि विस्तार में ग्रामीण गरीबी से प्रभावी ढंग से निपटने की क्षमता है। परिणामतः, विकासशील देशों में विकास, आर्थिक उन्नति और कृषि मूल्य श्रृंखलाओं के सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता देना किसानों के सामने आने वाली सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए सबसे प्रभावशाली उपागमों में से एक साबित हो सकता है। कुशलतापूर्वक संचालित कृषि मूल्य श्रृंखला छोटे पैमाने के किसानों को आवश्यक हितधारकों एवं उन्नत प्रक्रियाओं से जोड़ती है। यह उन्हें अन्य लाभों के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, अत्याधुनिक तकनीक, कड़े गुणवत्ता मानकों, सुविधाजनक ऋण विकल्प और प्रसंस्करण तथा बाजार के अवसरों के लिंक तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। इसे समझते हुए, भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के तहत कृषि कार्य समूह के तत्वावधान में चर्चा के लिए उप-विषयों में से एक के रूप में समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखला और खाद्य प्रणालियों को चुना। चर्चा छोटे व सीमांत किसानों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अवसंरचना को मजबूत करने, प्रौद्योगिकी साझाकरण और निवेश के माध्यम से मूल्य श्रृंखलाओं की लचीलापन और दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित थी। भारत की अध्यक्षता इस संबंध में हुई यह पहल एक मील के पत्थर के रूप में है। जी-20 देशों ने ऐसे स्केलेबल समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जो सतत खाद्य प्रणालियों की दिशा में परिवर्तन का समर्थन करते हैं।




**जी-20 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने टिकाऊ और मजबूत खाद्य प्रणाली स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ाने और विविधीकरण का आह्वान किया, जिसका लक्ष्य भोजन, कृषि इनपुट और उत्पादों तक किफायती पहुंच की सुविधा प्रदान करना है।**

जी-20 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने टिकाऊ और मजबूत खाद्य प्रणाली स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ाने और विविधीकरण का आह्वान किया, जिसका लक्ष्य भोजन, कृषि इनपुट और उत्पादों तक किफायती पहुंच की सुविधा प्रदान करना है। कृषि कार्य समूह ने बाजार में सुधार लाने, व्यापार विश्वास बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा एवं पोषण का समर्थन करने के लिए कृषि-खाद्य व्यापार के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए एक बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के महत्व को भी पहचाना। इसके अलावा, विश्व स्तर पर फसलों से लेकर खुदरा बिक्री तक खाद्य की एक महत्वपूर्ण मात्रा नष्ट हो जाती है, जिससे भोजन की हानि और बर्बादी की रोकथाम बिना किसी अतिरिक्त संसाधन लागत के अतिरिक्त उत्पादन करने के समान हो जाती है। भोजन की हानि और बर्बादी का समाधान करना एक गंभीर मुद्दा है, जिससे कमियों को दूर करने की दिशा में एक उत्तरदायी प्रतिबद्धता की भावना आती है। जी-20 देशों ने किसानों, सरकारों, निजी क्षेत्र, नागरिक समाज, शिक्षाविदों और विकास भागीदारों जैसे हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर व प्रशिक्षण, वित्त तक बेहतर पहुंच एवं बेहतर बाजार कनेक्शन के माध्यम से छोटे किसानों का सहयोग करके खाद्य हानि एवं अपशिष्ट में कमी को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध किया है। उन्होंने प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, ज्ञान साझा करके, जागरूकता बढ़ाकर, समर्थन मांगकर और देशों में सर्वोत्तम परिपाटियों का आदान-प्रदान करके संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में भोजन की हानि और बर्बादी को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को लचीला और सतत बनाने तथा जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए इसके लाभों का उपयोग करने हेतु यह आवश्यक है कि छोटे किसानों, महिलाओं, युवाओं और स्वदेशी लोगों को श्रृंखला में शामिल किया जाए। जी-20 इन समूहों को कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं में सशक्त बनाने और एकीकृत करने, लैंगिक असमानताओं को दूर करने तथा किसान संगठनों, कृषि में महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करने व उद्यमियों के रूप में युवाओं को शामिल करने जैसी पहलों के माध्यम से मितव्ययिता हासिल करने के लिए समावेशी एवं विविध उपागमों को बढ़ावा देने पर सहमत हुआ है। यह समूह सूचना प्रसार को सुविधाजनक बनाने, नवाचारों को बढ़ावा देने तथा उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए नई प्रौद्योगिकियों एवं परिपाटियों को स्थायी रूप से अपनाने को बढ़ावा देने के लिए क्षमता विकास, प्रशिक्षण व विस्तार सेवाओं के लिए भी सहायता प्रदान करेगा। जी-20 के कृषि कार्य समूह की ये उपलब्धियां कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को समावेशी, सतत और अनुकूल बनाने के वैश्विक प्रयासों को मजबूत करेंगी और जनसामान्य की खाद्य सुरक्षा एवं पोषण और करोड़ों किसानों की आर्थिक समृद्धि के व्यापक लक्ष्य को भी निश्चित रूप से प्राप्त करेगी।

**(लेखक : भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर और झारखंड की खबरें

### बर्मामाइंस यातायात पुलिस शिविर के पास मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बमार्माइंस थाना अंतर्गत स्टार टॉकीज समीप यातायात पुलिस शिविर के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है मृतक अज्ञात युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। एक दिन पूर्व स्थानीय लोगों ने युवक को बारिश में भीगते देखा था। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर एएसआई राजेंद्र सिंकू ने बताया अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। उसकी पहचान की जारही है।

### डुमरी उपचुनाव में बेबी देवी की जीत पर झंडा चौक पर इंडिया गठबंधन ने मनाया जश्न



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधानसभा के उप चुनाव में आइ. एन. डी. आइ. ए समर्थित झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर विपक्षी दलों इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर पटाखे फोड़कर और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। जहां उप चुनाव झांकी है 2024 बाकी है, मोदी सरकार सिहांसन खाली करो इंडिया गठबंधन आ रही है, तानाशाही भाजपा सरकार मुदार्बाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर विपक्षी दलों के नेताओं ने डूडुमरीमरी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि झामुमो उम्मीदवार के पक्ष में निर्णायक जनादेश देकर डुमरी के वोटरों ने भाजपा-आजसू के अवसरवादी गठबंधन के नफरती प्रचार और संकीर्ण जातिवादी अपील को खारिज कर दिया है। उप चुनाव का यह सकारात्मक परिणाम भविष्य में धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक शक्तियों की एकता को और मजबूत करेगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन जीत दर्ज करेगा। कार्यक्रम में झामुमो के जिलाध्यक्ष बिरेन्द्र पाण्डेय, गंगा यादव, संजय कुमार साजन, दीपक विश्वकर्मा, राजद के जिलाध्यक्ष रामधन यादव, सुभाष यादव, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, पिंकु सहाय, सईद नसीम, सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार, संजय पासवान, रमेश प्रजापति, माले के जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, भूवनेश्वर केवट, इब्राहिम अंसारी, आप पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, उदय द्विवेदी सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर आजसू पार्टी ने रेलवे के सहायक अभियंता को सौपा मांग पत्र





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन के पास रेलवे ओवर ब्रिज होकर गुजरने वाली सड़क इन दिनों जर्जर अवस्था में है। लगातार हो रही वारिस में छोटी बड़ी गड्ढे में जल जमाव होने से लोगो की परेशानी बढ़ गयी है। उधर जुगसलाई घोड़ा चौक के पास रेलवे ब्रिज के नीचे से गुजरने वाली सड़क में जल जमाव स्थिति कोई नयी बात नही है। जल जमाव की समस्या वर्षों से आम जनता झेलना पड़ता है। पूर्व में इसके लिए कई वार विरोध दर्ज कर जनता की परेशानी का उजागर किया गया। लेकिन समाधान नहीं निकला। जबकि आम जनता के साथ क्षेत्र के विधायक व सांसद भी सड़क से गुजरते है। हालांकि एक तरफ सड़क बंद कर कार्य जारी है। जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। उधर शुक्रवार को आम जनता की परेशानी को देखते हुए आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल अप्पू तिवारी के नेतृत में रेलवे के सहायक अभियंता को मांग पत्र सौप कर एक सप्ताह के अंदर समाधान के लिए मांग की। इस अवसर पर आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर नारेवाजी की। मौके पर अप्पू तिवारी ने बताया ओवर ब्रिज में बड़े-बड़े गड्ढे होने से दो पहिया वाहनों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा। रुक रुक कर हो रही वारिस से सड़क पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। रेलवे के द्वारा सिर्फ खाना पूर्ति की जारही है। उन्हीने कहा एक तरफ देश में प्रधानमंत्री व रेल मंत्री कहते है देश मे रेलवे जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए तरह तरह का काम कर रही है। लेकिन यहां जानता को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। आजसू नेता तिवारी ने कहा अगर एक सप्ताह के अंदर कार्य मे कोई सुधार नहीं हुई तो आजसू पार्टी कार्यालय में टाला लगाने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, जिला सचिव अरुप मल्लिक, ललित सिंह, प्रवीण प्रसाद, लक्ष्मण बाग, दीपक पांडे, सोनू भाटिया, संजय करुआ, स्वरूप मल्लिक,मनोज मुखी, विश्वजीत दास, राहुल, दीपक पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता का उपस्थित रहे।

### नॉर्थ कर्णपुरा के नये प्रमुख स्वप्नेंदु ने पदभार ग्रहण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**टंडवा।** एनटीपीसी लिमिटेड ने स्वप्नेंदु कुमार पांडा की नियुक्ति की घोषणा की है। पांडा को नॉर्थ कर्णपुरा में परियोजना का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अपने व्यापक और अनुभव के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, श्री पांडा हमारा नेतृत्व करने और उसे मजबूत करने के लिए तैयार हैं। नॉर्थ करनपुरा क्षेत्र में स्वप्नेंदू कुमार पांडा, जो पहले महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे (प्रोजेक्ट्स) पतरातू में, अपनी नई भूमिका में ज्ञान और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आये हैं। उसका नेतृत्व कौशल और परियोजना प्रबंधन की गहरी समझ उन्हें ऐसा बनाती है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने के लिए आदर्श उम्मीदवार परियोजना प्रमुख के रूप में स्वप्नेंदु कुमार पांडा इसकी देखरेख करेंगे। नॉर्थ कर्णपुरा क्षेत्र में परियोजनाओं का समग्र प्रबंधन और निष्पादन करेंगे, हमारे रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हमारी टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को कायम रखना है। स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं इस नयी भूमिका को निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं और अपने समर्पित लोगों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं बताया। नॉर्थ कर्णपुरा के टीम साथ मिलकर काम करेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे हमारे हितधारकों की अपेक्षाएं प्रबंधन स्वप्नेंदु कुमार पांडा को अपनी शुभकामनाएं देता है। नयी स्थिति और नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना की सफलता को आगे बढ़ाने की अपनी क्षमता में विश्वास रखता है।

### लोको शेड में इंजन शंटिंग के दौरान दबने से 50 वर्षीय रेल कर्मचारी की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना अंतर्गत टाटानगर रेलवे के लोको सेड स्थित इंजन सेंटिंग यार्ड में रेलवे के 50 वर्षीय कर्मचारी निषेध कुमार शेखर ने इंजन की चपेट में आया। शुक्रवार को घटना के दौरान कर्मचारी का घटनावस्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है घटना अहले सुबह की है। किताडीह निवासी निषेद कुमार शेखर गुरुवार को रात्री ड्यूटी में पर मौजूद रहे। सुबह-सुबह इंजन सेंटिंग के दौरान वे इंजन की चपेट में आ गए। जहाँ उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर घटना की की जानकारी मिलते ही रेलवे के कई कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे। कर्मचारियो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस अवसर पर शशि मिश्रा ने बताया शेखर 97 बैच के रेलवे कर्मचारी थे। रात्री ड्यूटी के दौरान इंजन सेंटिंग करने में दब कर मौत हुई है। दुख की घड़ी में पूरा रेल परिवार उनके परिवार के साथ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली विभाग ने की सघन छापेमारी,13 लोग पकड़े गये, थाना में मामला दर्ज



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर बिजली विभाग के सहायक अभियंता अरविंद कुमार और कनीय अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में सघन छापेमारी की गयी। बड़कागांव बसरिया टोला, टैक्सी स्टैंड, अंसारी मोहल्ला, और हरली में छापामारी के दौरान अवैध रूप से बिजली जलाने व संचालन करने को लेकर 13 लोगों पर बड़कागांव थाना में कनीय अभियंता सुधीर कुमार ने मामला दर्ज कराया है। जिसमें अभिमन्यु कुमार चौधरी, इंग्लेश सोनी, मनोज सोनी, संतोष सोनी, लखन साव, जादू राम पासवान हरिश्चंद्र महतो जहिमन खातून, संगम कुमार, फनन महतो, मुकेश कुमार, शशि कुमार, सहदेव राम पर मामला दर्ज किया गया है। सभी पर आर्थिक जुमार्ना लगाया गया है। इस दौरान कनीय अभियंता सुधीर कुमार ने ग्रामीणों को सख्त निर्देश दिया, कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से बिजली नहीं जलाएं पकड़े जाने पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। किसी को बख्सा नहीं जायेगा। छापेमारी दल में शामिल लोगों में मुख्य रूप से बिजली विभाग के सहायक अभियंता अरविंद कुमार, कनीय अभियंता सुधीर कुमार, राहुल कुमार, रोहित सोनी, नरसिंह सोनी, अजय कुमार, रवि कुमार, राजू कुमार, सूरज कुमार, टिकेश्वर महतो अन्य उपस्थित थे ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बंशीधरनगर में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गयी




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित भवनाथपुर मोड़ से युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया गया। भारत जोड़ो पदयात्रा भवनाथपुर मोड़ से चलकर मुख्यमार्ग से होते हुए सूर्य मंदिर के निकट मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सह कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि राज राजेन्द्र प्रताप देव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुलगांधी द्वारा शुरू किया गया भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरा होने पर आज पूरे देश मे भारत जोड़ो पदयात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस यात्रा का अच्छा संदेश गया है.नफरत की जगह मोहब्बत फैलाने का सन्देश राहुल गांधी ने पूरे देश को दिया है.उन्होंने कहा कि देश मे महंगाई चरम सीमा पर है.बेरोजगारी बढ़ रही है. युवाओं को रोजगार नही मिलने से उनमे आक्रोश है.देश के किसान परेशान है.सरकार इन समस्याओं का निदान करने के बजाय नफरत फैला रही है.उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है.सरकार को समय पर जनता मुहतोड़ जबाब देगी.कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये लोग गांव गांव में लोगो को भारत जोड़ो यात्रा का संदेश देंगे.भारत जोड़ो पदयात्रा में प्रदेश सचिव श्रीकांत तिवारी,प्रदेश प्रतिनिधि अलख चौबे,सुरेन्द्रनाथ तिवारी,मोबिन अंसारी,रामवृक्ष यादव,देवचंद यादव,युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिजीत कमल,महासचिव रोहित पांडेय,प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद,सुदर्शन उरांव,विमला देवी,रामु चंद्रवंशी, प्रदीप चौधरी,गजेन्द्र चौधरी,अशफाक अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे.

### डुमरी में बेबी देवी की जीत पर रंका प्रखंड झामुमो ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के आईएनडीआईए गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार स्व. जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी की डूमरी विधानसभा उपचुनाव में भारी जीत की खुशी में शुक्रवार को रंका प्रखंड कमेटी ने रंका चेकनाका के पास आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। इस अवसर पर रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि डुमरी विधानसभा में आईएनडीआईए गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत 17000 वोटों से हुई है। मौके पर रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल अंसारी, रंका प्रखंड प्रमुख, हेमंत लकड़ा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, जिला परिषद प्रतिनिधि उत्तरी राहुल तिवारी, राज किशोर राम, संतोष राम, कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, अवधेश चंद्रवंशी, श्रीराम बाबू ठाकुर, सूरज कुमार रजक, मधुसूदन राम, अल्पसंख्यक मोर्चा के आफताब आलम, शिव शंकर राम, लवली उरांव सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 16 सितंबर को जनसभा में 502 बूथ समिति और सभी मंडलों से भाजपा कार्यकर्ता होंगे शामिल



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के चौथे चरण के अंतिम दिन 16 सितंबर को प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक विशाल जनसभा व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने गुरुवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस सभा में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 502 बूथों से बूथ समिति, सभी मंडलों से पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के सभी पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों को निश्चित रूप से आने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि विगत 6 सितम्बर को फैंसी मैरेज हॉल में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में लाने व अन्य कार्य के लिये पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान एक कार्यक्रम देश स्तर पर 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम चल रहा है, उस पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा सभी मंडल अध्यक्ष को, जिला अध्यक्ष व मंडल प्रभारी द्वारा मिट्टी संग्रह कराने की जिम्मेवारी दी गयी। सभी मंडल अध्यक्षों को मिट्टी संग्रह कलश भी सौंपा गया। प्रेसवार्ता में मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, विश्वनाथ भंडारी, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सोबराती खान, अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** रमकंडा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा में उमड़ी भीड़

# गढ़वा की जनता की गाढ़ी कमाई लूट रहा है बाहरी व्यक्ति : सत्येंद्रनाथ तिवारी

**गढ़वा सहित पूरे राज्य में भय, भूख और भ्रष्टाचार का बोलबाला है : ओम प्रकाश केशरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शुक्रवार को रमकंडा प्रखंड मुख्यालय स्थित कुरूमदरी मैदान में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी सहित अन्य नेताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर मार्ल्यापण व दीप प्रवज्जलित कर की। कार्यक्रम से पहले रमकंडा भाजपा के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने थाना मोड़ से कार्यक्रम स्थल तक मोटरसाइकिल जूलूस निकाल कर आगवानी की। मौके पर पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान विधायक गढ़वा को ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी व्यक्ति द्वारा गढ़वा की जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रखंड, अंचल और जिला कार्यालय में बिना पैसा का एक भी काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब वह भैया जी के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का पोल खोलने की शुरुआत किए तो, उन्होंने मुझ पर मानहानि का केस दर्ज करा दिया। उन्होंने कहा कि वह केस से डरने वालों में से नहीं हैं। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोग बालू के लिए हाहाकार कर रहे हैं। जबकि भैया जी के संरक्षण में लाखों ट्रक बालू उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों में कालाबाजारी कर भेजा जा रहा है। आम-आवाम और गरीबों का जमीन ऑनलाइन कराने में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक आनाकानी कर रहे हैं। वहीं भैया जी ने सैकड़ों एकड़ गैरमजरूआ जमीन का जमाबंदी अपने भाई और चहेतों के नाम पर करा दिया। राज्य सरकार अपना एक भी वादा को पूरा नहीं कर पाई। साल में पांच लाख लोगों को नौकरी, पढ़े-लिखे बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को सालाना 72 हजार रुपये देने का वादा को भूल गई। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के सभी गांवों का दौरा कर वर्तमान जनप्रतिनिधि के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करेंगे। पूर्व विधायक ने उपस्थित जनसमूह से 15 सितंबर को गढ़वा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मंत्री के संरक्षण में क्षेत्र को लूटा जा रहा है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में भय, भूख और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गढ़वा के लोग आने वाले चुनाव में बाहरी व्यक्ति को धूल चटाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुरजी देवी, उप प्रमुख आरती देवी, भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, प्रदीप पासवान, जितेन्द्र चंद्रवंशी, मंगलमूर्ति तिवारी, उज्जवल चौबे, नीरज पाठक, परी पांडेय, युवा मोर्चा के महामंत्री विकास तिवारी, विक्की पासवान, रमण विश्वकर्मा, मुन्ना प्रसाद, पूरनमल प्रसाद, सोमलाल मुंडा, बिगनी देवी, बंधन उरांव, सिंगराम मुंडा, राम अवतार सिंह, राजेन्द्र विश्वकर्मा, अमरेश प्रसाद, राजीव प्रसाद, मनीष प्रसाद, अर्जुन यादव, राजेश्वर यादव, रामलगन यादव, अनिता देवी, दिनेश लाल, रामगृही पांडेय, सरयू प्रसाद, अनूप यादव, ज्ञानरंजन पांडेय, अकलीम अंसारी, उषा देवी, बुधन भुईया, रामलाल भुईयां, उमेश यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, राजेश्वर बैठा, कमल किशोर, अवधेश प्रसाद, पारसनाथ माली, नंदलाल केशरी, मुकेश केशरी, सुदामा राम, मंटू दुबे, जमेदार सिंह, नंदलाल राम सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विभिन्न दलों को छोड़कर पांच सौ लोग भाजपा में हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शुक्रवार को रमकंडा प्रखंड मुख्यालय स्थित कुरूमदरी मैदान में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा के दौरान झामुमो, राजद सहित विभिन्न दलों को छोड़कर पांच सौ कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होने वालों में फविनियानुस मड़की, पवन भेंगरा, सोमा कंडीर, कुवंर मुंडा, मुनि भेंगरा, सुकराम टूडी, सुनील कंडील, पतरस डोडराय, सुजीत कंडीर, राजदेव कोरवा, विजय कोरवा, नवीन टोपनो, सुमन डोडरा, चनेश कुमार, रामजी यादव, मंगल हंसदा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र भुईयां, दिनेश प्रसाद, हरिलाल भुईयां, सदाम अंसारी, तमजेर आलम, गुलाम अंसारी, कुलाम अंसारी, गुलाब अंसारी, अजित कुमार पासवान, जितेन्द्र पासवान, रामनाथ पासवान, संतोष भुईयां, सुनील चौधरी, अजय पासवान, रामप्रवेश पासवान, साकेत प्रसाद केशरी, सुरेन्द्र यादव, रूपेश यादव, शिवलाल भुईया, जितेन्द्र भुईयां, उपेन्द्र भुईयां, रूपेश केशरी, गौतम यादव, पिताबंर केशरी, मोहन केशरी, राजकुमार मोची सहित अन्य कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

### 10 सितंबर से होनेवाली झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर तैयारी जोरों पर है। 10 सितंबर से आयोजित होने वाले प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान में तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसकी जानकारी देते हुए फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि सभी मैच रामा साहू के साथ-साथ नगरऊंटारी, धुरकी, चिनिया, रंका, रमकंडा, बड़गड़, मझिआंव प्रखंडों में भी संचालित किए जाएंगे। उद्घाटन मैच गढ़वा एवं चतरा के बीच खेला जाएगा। इसके उपरांत 11 सितंबर को जामताड़ा एवं खूंटी के बीच मैच खेला जाएगा। इसी दिन लातेहार और दुमका के बीच भी मैच होगा। इसके अलावा लोहरदगा एवं देवघर के बीच भी मैच खेला जाएगा। मैच के दूसरे दिन 12 सितंबर को गुमला एवं चक्रधरपुर, पलामू एवं साहेबगंज, कोडरमा एवं गिरिडीह, घाटशिला और हजारीबाग के बीच मैच खेला जायेगा। 13 सितम्बर को विनर एक बनाम बोकारो, विनर दो बनाम रांची, विनर तीन बनाम सरायकेला खरसांवा, विनर चार बनाम गोड्डा के बीच मैच खेला जाएगा। 14 सितम्बर को विनर पांच बनाम चाईबासा, विनर छह बनाम जमदेशपुर, विनर सात बनाम धनबाद, विनर आठ बनाम रामगढ़ के बीच मैच खेला जाएगा। 15 सितम्बर को विनर नौ बनाम विनर दस, विनर 11 बनाम विनर 12 के बीच मैच खेला जाएगा। साहिबगंज और कोडरमा, गिरिडीह एवं घाटशिला, हजारीबाग के बीच मैच खेला जाएगा। 13 सितंबर को विनर वन बनाम बोकारो के बीच मैच खेला जाएगा। इसी दिन विनर 2 वर्सेस रांची के बीच मैच खेला जाएगा।

## बाबूलाल मरांडी की जनसभा गढ़वा की राजनीति में लंबी लकीर खींचेगी : सूरज गुप्ता

**भाजपा गढ़वा नगर मंडल ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. लक्ष्मी प्रसाद केशरी के घर आंगन की माटी से की 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की शुरुआत**



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आगामी 15 सितम्बर को गढ़वा में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का आगमन एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान को लेकर गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष एवं मंडल कार्यसमिति की बैठक स्थानीय रूकमिनी देवी धर्मशाला में हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता उपस्थित थे। संचालन महामंत्री यशवंत मिश्रा ने किया। बैठक में दोनों कार्यक्रमों की सफलता के लिए 21 सदस्यीय एक कमेटी बनाई गयी, जिनके माध्यम से हर गली व जन जन तक भाजपा का संदेश पहुंचाया जायेगा तथा बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी स्व. लक्ष्मी प्रसाद केशरी के घर आंगन की माटी से हुई।

बैठक में भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की गढ़वा में आयोजित जन सभा यहां की राजनीति में एक लंबी लकीर खिचेंगी। जिसे ऐतिहासिक बनाने में हमसबों को दिन-रात मेहनत करनी चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान से नरेन्द्र मोदी का देश के प्रति समर्पण एवं सम्मान की भावना झलक रही है, जिसे जन जन को बताने की जरूरत है। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि दोनों कार्यक्रम में कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी साबित होंगे और मेहनत की बदौलत सफल करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया के नक्शे पर काफी मजबूत हुआ है। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने कहा कि भाजपा की होनी वाली संकल्प जन सभा के बाद गढवा में एक नया सूर्योदय होगा। जिससे राजनीति की दशा व दिशा बदलेगी। बैठक में कैलाश कश्यप, मनोज गुप्ता, अनवर शाह, संदीप विश्वकर्मा, मनोज महतो, अपना शुभम, संतोष कश्यप, दामोदर गुप्ता, विनोद अग्रवाल, अनिस सिंह, मुन्ना कश्यप, संदीप अग्रहरि, बंधू राम, छोटन सोनी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिला डेंटल एसोसिएशन ने मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरित किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला डेंटल एसोसिएशन की तरफ से विश्व पोषण सप्ताह के अवसर पर गढ़वा जिले के सदर अस्पताल के एमटीसी सेंटर में भर्ती सभी बच्चों तथा उनकी माताओं को पौष्टिक आहार दिया गया। संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार सोनी ने बताया कि यह एक नया संगठन है और आने वाले समय में बहुत सारे सामाजिक कार्य, साथ ही साथ दंत चिकित्सा शिविर लगाने का कार्य करेगा। संगठन के सेक्रेटरी डॉ आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि पोषण सप्ताह में हमारी तरफ से किशमिश, मेवा, दूध, हॉर्लिक्स, ब्रेड, बिस्कुट, बार्ली, ग्लूकोज, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट आदि जैसी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदस्य डॉ आफताब आलम, डॉ उत्सव उत्कर्ष सिंह, डॉ कुणाल जयसवाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग

विज्ञापन पत्रांक.......................... दिनांक..........................

Walk in Interview - विज्ञापन (अटल मुहल्ला क्लीनिक)

अपर मुख्य सचिव, स्वा0,चि0,शि0 एवं प0क0वि0, झारखण्ड सरकार का पत्रांक– 32(5)ब योजना दिनांक– 25.05.2023, उपनिदेशक सह राज्य नोडल पदाधिकारी, रा0श0स्वा0मि0, झारखण्ड का पत्रांक– 53(UH) राँची, दिनांक– 03.07.2023 एवं अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची का क्रमशः पत्रांक– 1024(MD), दिनांकः– 18.09.2019व पत्रांक–128(MD), दिनांकः– 15.01.2022 के आलोक में जिला हजारीबाग शहरी क्षेत्र अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी व मलिन बस्तियों में आवासित लोगों वंचित निर्धन, गरीब परिवार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल मुहल्ला क्लीनिक का संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी Part Time चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु दिनांक– 16.09.2023 को Walk in Interview निर्धारित है। आवश्यक अर्हताएँ /शर्तें /जानकारियाँ निम्नांकित हैं:–

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक अर्हताएँ/शर्तें |
|---|---|---|
| | | चिकित्सा पदाधिकारी(MBBS) |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| 2 | उम्रसीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगी)। |
| 3 | मानदेय | प्रतिदिन एक पाली (चार घंटे)के लिए रू.1400(चौदह सौ) x प्रतिमाह 26 दिन तक के लिए = प्रतिमाह रू0 36400 (छःत्तीस हजारचार सौ) अधिकतम देय। |
| 4 | कार्य का समय | सामान्यतः 08.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक या स्थानीय आवष्यकतानुसार चार (04) घंटे का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपराहन/संध्याकालिन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
| | | चिकित्सा पदाधिकारी(AYUSH) |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मान्यता प्राप्त संस्थान से BHMS/BUMS/BAMS की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष। |
| 3 | मानदेय | रू. 20000 (बीस हजार रू.) मात्र प्रतिमाह अधिकतम। |
| 4 | कार्य का समय | 08.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक या आवष्यकतानुसार चार घंटे का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपराहन / संध्या कालिन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

सामान्य जानकारियाँ/शर्तें

01. इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, हजारीबाग में दिनांक 16.09.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से 05:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
02. कुल रिक्तियाँः–(क) चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) :– 04(चार) अटल मु0 क्ली0 –कोर्रा, काजी मुहल्ला, गाड़ीखाना, नूरा (ख) चिकित्सा पदाधिकारी (AYUSH) :– 08 (आठ) अटल मु0 क्ली0 –कोर्रा, काजीमुहल्ला, गाड़ीखाना, नूरा, कुद, मटवारी, कुम्हारटोली, हुरहुरू।
03. सेवाएँः– ओ0पी0डी0 का संचालन, संचारी/एनेमिया/गैर संचारीरोगों का प्राथमिक स्क्रीनिंग/संबंधितसेवाएँ, मातृ व शिशु स्वास्थ्य संबंधी सामान्य सेवाएँ, टीकाकरण (प्रतिरक्षण), प्रसवपूर्व/प्रसवोत्तर सामान्य देखभाल/जाँच, परिवार नियोजन सामान्य परामर्श/गर्भनिरोधक सेवाएँ, तीव्र सरल बीमारियों का उपचार, तीन सामान्य प्रकार के कैंसर (मुख, स्तन, ग्रीवा) की स्क्रीनिंग, टी0बी0 व मलेरिया का पता लगाना के लिए बलगम एवं रक्त धब्बा संग्रह आदि सुनिश्चित करना।
04. चिकित्सा पदाधिकारी की देख रेख में प्रत्येक सप्ताह दो (02) दिन क्रमशः सोमवार व बुधवार को UHSND दिवस के रूप में ए0एन0एम0 द्वारा शहरी सहिया/सेविका के सहयोग से नियमित टीकाकरण की सेवाएँ दिये जाएगें।
05. सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को अ0मु0क्लीनिक में अवकाश होगा।
06. जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से केद्र/राज्य प्रायोजित सेवाएँ / कार्यक्रमों / अभियान / पखवाड़ा / योजनाओं का क्रियान्वयन व जागरूकता सुनिश्चित करना होगा।
07. अटल मु0 क्ली0 से संबंधित सभी तरह के प्रतिवेदन आवश्यकतानुसार प्रारूप में ससमय अपने निकटत्तम श0प्रा0स्वा0 केंद्र तक उपलब्ध कराना।
08. शहरी क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रत्येक तीमाही Outreach Camp व Sanitation Health Camp/ अन्य आवश्यकतानुसार मेडिकल टीम के रूप में कार्यदायित्त्व दिया जा सकता है। स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित मासिक बैठक/प्रशिक्षण आदि में जिला मुख्यालय/अन्यत्र आमंत्रित किया जा सकता है।
09. उक्त चिकित्सकों को सूचिबद्ध करने से संबंधित अर्हताएँ/शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के NIC वेबसाईट www.hazaribagh.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के सूचनापट्ट से प्राप्त की जा सकती है।

सिविल– सर्जन
हजारीबाग

PR 306481 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

**बैठक :** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति गढ़वा पहुंची

# समिति ने कई विभागों की त्रुटियां दूर कर कार्यों के संचालन का दिया सुझाव

**समिति के सभापति सरयू राय ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधान सभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय समेत समिति के अन्य सदस्यों द्वारा गढ़वा जिला का दौरा किया गया। अपने इस दौरे में समिति द्वारा गढ़वा परिसदन भवन के सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सरयू राय एवं सदस्य के रूप में विधायक भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सह झारखंड विधानसभा समिति सदस्य भानु प्रताप शाही, समिति के संयुक्त सचिव संतोष कुमार सिंह ने कई प्रमुख विभागों के कार्यप्रणाली की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। वहीं जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति की उक्त बैठक में सभापति सरयू राय एवं समिति के सदस्य भानु प्रताप शाही द्वारा जिले के विभिन्न विभागों यथा- स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, पर्यटन विभाग पुलिसिंग हाउसिंग, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, भवन निर्माण विभाग उत्पाद विभाग, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में समिति द्वारा कई विभागों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए गए, जिससे त्रुटियों को दूर कर कार्यों का संचालन अच्छे से करते हुए अधिक से अधिक लाभुकों का इसका लाभ मुहैया कराई जा सके।

इस बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चयनित युवाओं को आईआईएम रांची देगा प्रशिक्षण

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नीति आयोग अवार्ड मनी से स्वीकृत लोहरदगा जिला के रोजगार/स्वरोजगार प्रक्षेत्र में कार्यरत स्वयं सहायता समूह/उत्पादक समूह के 30 सदस्यों को सामग्रियों के मार्केटिंग से संबंधित प्रशिक्षण कार्य की परियोजना स्वीकृत है। जिसके अंतर्गत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को आईआईएम रांची के द्वारा आर-सेटी लोहरदगा में प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम उपायुक्त, लोहरदगा और निदेशक आईआईएम रांची की उपस्थिति में दिनांक 11 सितंबर को 11:30 बजे पूर्वाह्न से आर सेटी लोहरदगा में निर्धारित की गयी है।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

कुडू (आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय मराठी के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। अंडर 14 बालक बालिका, अंडर 17 बालक बालिका, अंडर-19 बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता उच्च विद्यालय हेजला, उपविजेता मराडीह, अंडर 19 बालिका वर्ग में विजेता मराडीह उच्च विद्यालय रही। अंडर 14 बालक बेसिक स्कूल कुडू, उप विजेता बेसिक जीलिंग रहे। अंडर 14 बालिका विजेता केजीबीपी कुडू और उप विजेता उच्च विद्यालय चिरी रहे।

## दो फरार वारंटी गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू, बदला और एकागुड़ी ग्राम में छापेमारी कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में एसआई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि डांडू निवासी बालक अंसारी के पुत्र जाकिर अंसारी व बदला निवासी सुखसागर पांडेय के पुत्र रूद्रप्रताप पांडेय अलग अलग थाना कांड में संलिप्त थे। जो फरार होने के कारण ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत से जारी वारंट के आलोक में दोनो वारंटीयों को सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्राम से देर रात गिरफ्तार किया गया।

### पत्थर और बालू के अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई

# डीएमओ ने चलाया छापामारी अभियान

**कोरांबे पहाड़ एरिया में छापामारी किया गया। इस दौरान दो अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अवैध खनन को लेकर जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद की अगवाई में शुक्रवार की अहले सुबह जिले के विभिन्न बालू घाट और पत्थर खदान लीज एरिया में औचक छापामारी किया गया। पुलिस और खनन विभाग की टीम को देखते ही अवैध खनन और बालू दोहन करने वाले माफिया में हड़कंप मच गया। कुडू, कैरो और सेन्हा थाना इलाके में छापामारी की भनक लगते ही बालू माफिया भागने में सफल रहे। छापामारी के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के कोरांबे पहाड़ एरिया में छापामारी किया गया। इस दौरान दो अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर को मौके पर जब्त किया गया। सेन्हा थाना में ट्रैक्टर जब्त कर डीएमओ राजा राम प्रसाद ने प्राथमिक दर्ज किया है। बताया गया कि अवैध पत्थर खनन के आरोप में कोरामबे गांव निवासी ट्रैक्टर मालिक एतवा उरांव और गोरा टोली निवासी उमेश तिवारी के विरोध मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत शहरी क्षेत्र में विभिन्न नदी घाट से बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी। विभिन्न प्रखंडों में पत्थर के अवैध उत्खनन की भी सूचना मिली थी। इसको लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान बालू माफिया फरार हो गये। जबकि सेन्हा थाना क्षेत्र के कोरामबे पहाड़ में पत्थर का अवैध उत्खनन और परिवहन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। खनन अधिनियम के तहत इसमें शामिल आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### डुमरी उपचुनाव में जेएमएम प्रत्याशी की जीत पर बालूमाथ में निकाला गया जुलूस

# यह जनता की उम्मीद और स्नेह की जीत है : ऐश्वर्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** डुमरी उपचुनाव में जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में विजय जुलूस निकाल कर जमकर रंग गुलाल एक दुसरे को लगाया गया तथा बम, पटाखे फुड़ते हुऐ मिठाईया बांटें तथा जश्न मनाये। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के बालूमाथ अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव ने बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज प्रखंड सहित झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जनता की उम्मीद और प्रेम की जीत है। जनता ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जनता पूरी तरह विश्वास करती है। इस जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं का उत्साह और अधिक बढ़ गया है।

इस चुनाव का दूरगामी परिणाम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। आने वाले चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर आईएनडीआईए के प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे। बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ने झामुमो सुप्रीमो गुरुजी शिबू सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री बेबी देवी समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी शुभचिंतकों को बधाई दी है।

मौके पर प्रदीप गंझू, नागदेव उरांव, संजय उरांव, मो इमरान, प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझू, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, संगठन सचिव इनामुल अंसारी, सरहुल गंझू और राजू गंझु समेत झामुमो, राजद के कई नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हेमंत के विकास पर लगी मुहर



**कैरो (आजाद सिपाही)।** झारखंड के डुमरी उप चुनाव में इंडिया गठबंधन से जेएमएम पार्टी प्रत्यासी मंत्री बेबी देवी के जीत पर कैरो प्रखंड के मुख्य चौक में इंडिया गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे को लड्डू खिलाकर खुसी का इजहार किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीर अंसारी ने कहा कि झारखण्ड में हुए उप चुनाव में डुमरी विधान सभा क्षेत्र के जनता ने साबित कर दिया है आज भी जनता जेएमएम के साथ साथ है डुमरी विधान सभा मे पार्टी की यह लगातार जीत इस बात का सबूत है कि स्व जगरनाथ महतो क्षेत्र की जनता के हित में काम करते थे क्षेत्र की जनता बेबी देवी को जीत कर स्व जगरनाथ महतो को सच्ची श्रंद्धांजलि देने का काम किया और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासन में विकास पर मोहर लगाने का काम किया इस जीत से हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूती मिली है आने वाले लोक सभा और विधान सभा चुनाव में झारखण्ड में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है झारखंड की जनता एनडीए गठबंधन को धूल चटाने का काम करेगी। मौके पर जे एम एम के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर अंसारी, समीरुदीन अंसारी, अख्तर अंसारी, बिपिन उराँव, रिजवान अंसारी, तबारक, हिदायत खान, कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव मुर्शिद आलम, मुस्लिम, जोरावर, सुमित, सुधीर उराँव आदि उपस्थित थे।

# वार्ड सदस्यों के मूल अधिकारों के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण: बीडीओ

**किस्को में चार पंचायतो के नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हुआ प्रारंभ।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुए चार पंचायतों का वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इधर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य रूप से ग्राम पंचायत परहेपाट, ग्राम पंचायत हिसरी, ग्राम पंचायत नवाडीह और पाखर पंचायत के वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी। शिविर में मुख्य रूप से बीडीओ बुड़ायं सारू और निति आयोग के अधिकारी हेमलता बजाज मौजूद रहे। यहां पर ट्रेनर आकाश कुंवर प्रदान संस्थान से गोल्डन और चंदन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ बुड़ायं सारू ने कहा कि वार्ड सदस्य प्रशासन की छोटी इकाई है जो गांव का प्रतिनिधित्व करते हैं। पंचायत में वार्ड सदस्यों की क्या भूमिका होनी चाहिए इन्हें पंचायत अधिनियम के तहत कौन-कौन से अधिकार दिये गये है। कार्य करने का क्या तरीका है। जिसकी जानकारी अगले तीन दिन में दी जायेगी। उद्घाटन सत्र के बाद प्रशिक्षको द्वारा बिंदुवार वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि बाकी 05 पंचायत के वार्ड सदस्यों को 12 सितंबर से 14 सितंबर तक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# डुमरी की जीत जनता के साथ साथ जगरनाथ महतो की श्रद्धांजलि : दीपू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि डुमरी विधानसभा में काम करने वालों की जीत और टांग खींचने वालों की हार हुई है। डुमरी विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की लगातार पांचवीं जीत डुमरी के लाल स्वर्गीय टाइगर जगन्नाथ महतो और झारखंड के लाल हेमंत सोरेन द्वारा किये गये विकास कार्यों पर जनता की मोहर है। यह जीत डुमरी की जनता का टाइगर जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह जीत राजनीति में जन सेवा करने वालों को मिलने वाले जनता के अपार स्नेह और प्रेम का परिचाएक भी है। डुमरी में जन विरोधी भारतीय जनता पार्टी की ए, बी और सी सभी टीम जेएमएम को हराने में लगी थी परंतु जनता ने बता दिया की जो विकास करेगा वोट उसी को मिलेगा। इस जीत से झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सरकार के इरादे और भी मजबूत हुए हैं और हम पुनः दुगने उत्साह से जनता की सेवा और झारखंड के उत्थान तथा सर्वांगीण विकास में लगे रहेंगे।

# हेमंत सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा: बैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार के विधायक बैद्यनाथ राम ने डुमरी की जनता को जीत की बधाई के साथ-साथ कहा कि पूरे झारखंड में हेमंत सरकार और हेमंत सोरेन पर जनता का विश्वास बढ़ा है। डुमरी उपचुनाव में झारखंड के तीन पूर्व मुख्यमंत्री और कई पूर्व मंत्री की ताकत झोंकने के बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वर्गीय जगरनाथ महतो की धर्मपत्नी बेबी देवी पर जनता ने एक बार फिर विश्वास जताया है। इस जीत से लगता है कि आगे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सरकार पर विश्वास डुमरी की जनता जारी रखेगी।

## बीडीओ ने की मनरेगा की समीक्षा


भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें प्रखंड में चल रही मनरेगा योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। इस दौरान उपस्थित बीपीओ सभी पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों से चल रही योजनाओं की पंचायतवार और ग्रामवार एक-एक जानकारी लेते हुए योजना कार्यों में युद्धस्तर पर तेजी लाकर उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ ने सभी सचिवों को मनरेगा के तहत बन रहे वृक्षारोपण, टीसीबी, मेड़बंदी, पशु शेड का कार्य अविलंब पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावे चल रहे नये योजना कार्यों में तेजी लाकर उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराने का कड़ा निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, सहायक अभियंता तनुश्री, कनीय अभियंता रविशंकर भगत, शिवशंकर उरांव रोजगार सेवक हेमंत कुमार, बीरबल महली, राम उरांव, झुनिया उरांव, रविन्द्र लकड़ा उपस्थित थे।

## मनरेगा लोकपाल पहुंचीं कुडू, विकास योजनाओं की समीक्षा की

कुडू - लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी शुक्रवार 8 सितंबर को कुडू पहुंची। इस दौरान प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में बैठक कर मनरेगा योजनाओं समीक्षा की। बैठक में कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मनरेगा लोकपाल ने प्रखंड की पंचायतों में चल रही सभी मनरेगा योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्होने मनरेगा योजनाओं को अच्छे से धरातल पर उतारने तथा मस्टर रोल के अनुसार मजदूरों की उपस्थिति आदि की बात कही। समीक्षा बैठक के पश्चात मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने ग्राम पंचायत टाटी में विनोद उरांव, मालती उरांव, रंजीत उरांव और अन्य तीन बिरसा हरित ग्राम योजना और ग्राम पंचायत कोलसिमरी में मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर का भौतिक निरीक्षण किया और संबंधित रजिस्टर और अभिलेख की जांच की। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अरबिंद रौशन सहित कनीय अभियंता, पंचायत सचिव खैरुल खान सहित अन्य पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# शिक्षा नहीं, भ्रष्टाचार फैला रहे हैं जिला शिक्षा अधीक्षक : रवि डे

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार।** लातेहार झाविस नेता सह समाजसेवी रवि कुमार डे ने लातेहार जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है। कि झारखंड सरकार और उनके शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव से कार्रवाई की मांग की है। श्री डे ने जिला शिक्षा पदाधिकारी पर जो गंभीर आरोप लगाये हैं। वह एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए मीडिया को अपनी बात रखे हैं। उन्होंने कहा है पूरे जिले में शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार फैलाकर शिक्षा विभाग को बदनाम करने का काम जिला अधिकारी ने किये हैं। जो नित्य प्रतिदिन उजागर हो रहे हैं। लातेहार जिला शिक्षा विभाग को चारागाह बना कर रख दिया गया है। चंदवा स्थित खीस्त राजा हाई स्कूल में शिक्षक नियुक्ति में योग्य और सफल आदिवासी महिला का नाम हटाकर अपनी बहन की नियुक्ति करवाया है। जिसका प्रमाण पूर्व उपयुक्त ने जांच उपरांत इस अनियमितता को सत्य पाया था। दूसरी ओर अपने कार्यालय और विद्यालय प्रबंधन समिति पर जबरदस्ती दबाव डालकर विद्यालय विकास अनुदान की राशि का दुरुपयोग कर सभी विद्यालयों में सामानों की आपूर्ति कर रहे हैं। जो कि नियम का उल्लंघन भी किया जा रहा है इस खेल में अपने बहनोई सागर कुमार के माध्यम से करवा रहे हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने चंदवा एवं हेरंज प्रखंड में शिक्षकों को दबाव देकर घटिया बैंच डेस्क की आपूर्ति अपनी बहनोई के द्वारा करवाए हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में सत्र 2023, 24 के नामांकन हेतु बड़े पैमाने पर अनियमित बढ़ती गई है जिसमें 80 छात्र-छात्राओं के रिजल्ट में 40 से 45 छात्र-छात्राओं को का गलत तरीके से नामांकन किया गया है। जो कि प्रिंस कुमार की देखरेख में नामांकन घोटाला के रूप में उजागर हुआ है। जिसकी पुष्टि सांसद सुनील कुमार सिंह ने उपायुक्त को एक पत्र लिखकर जानकारी दी है। तथा जांच करने को कहा है तथा दोबारा नामांकन प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है रवि कुमार डे ने राज्य परियोजना निदेशक झारखंड सरकार परियोजना परिषद को से अनुरोध किया है की जिला शिक्षा अधीक्षक लातेहार को जांच कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**क्या कहते हैं जिला शिक्षा अधीक्षक प्रिंस कुमार**

जिला शिक्षा अधीक्षक प्रिंस कुमार ने कहा कि कुछ लोग हमारे खिलाफ जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह निराधार है। ऐसे कार्य से हमें कोई लेना-देना नहीं है।

# बेबी देवी की जीत जनता और टीम इंडिया की जीत: अख्तर अंसारी

**झामुमो नेता सह सदर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी ने दी बेबी देवी को जीत की बधाई।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड की राजनीतिक में एक नया अध्याय सामने आया है। बीते 5 सितंबर को डूमरी उपचुनाव का परिणाम आ चुका है, इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी बेबी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू पार्टी की प्रत्याशी यशोदा देवी को 17 हजार 100 के बड़े अंतर से पराजित कर गिरिडीह डुमरी और पूरे झारखंड की जनता को जीत की तोहफा दी है। साथ ही इस जीत को गठबंधन टीम इंडिया के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसे लेकर लोहरदगा झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह सदर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी ने बेबी देवी की जीत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि बेबी देवी की जीत डूमरी के एक-एक विश्वासी जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि बेबी देवी की जीत विपक्षी पार्टी के बड़ बोले नेताओं के लिए बड़ी सबक है। झामुमो नेता अख्तर अंसारी ने आगे कहा कि यह जीत आगामी विधान सभा और लोक सभा चुनाव में पार्टी और टीम इंडिया गठबंधन के लिए उर्जा का काम करेगी। कहा डूमरी की जनता ने अपने हीरो स्वर्गीय टाइगर जगन्नाथ महतो के प्रति जो विश्वास बनाये रखे हैं इसी का परिणाम है कि आज एक बार फिर से बेबी देवी को जीत का सेहरा बांधकर इतिहास दुहराने का कार्य कर दिखाया है। उन्होंने इसके लिए डूमरी की हर एक जनता को तहे दिल से मुबारकबाद दी है।

## शिक्षिका ने जांच के नाम पर निजता का हनन करने का आरोप लगाया

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भंडरा कि गणित विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका जयंती कुमारी ने जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भंडरा की प्रभारी सपना सिंह पर निजता का हनन करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 5 सितंबर को सपना सिंह विद्यालय में बच्चों से खतरनाक काम करने की मामला को जांच करने के क्रम में मेरा निजी मोबाइल को लेकर 2 घंटे तक अपने कब्जे में रखी और मोबाइल का व्हाट्सएप के डिलीटेड मैसेज को एक्टिव कर मेरा व्यक्तिगत मैसेज को देखा गया तथा कई आवश्यक फोटो और वीडियो को डिलीट कर दिया गया। शिक्षिका के द्वारा व्यक्तिगत, प्राइवेसी मैसेज फोटो और वीडियो को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। साथ ही मोबाइल से छेड़छाड़ करने एवं निजता का हनन करने का भी आरोप लगाया गया है।

## वन विभाग ने मृतक के आश्रितों को दिये नौ लाख रुपये का चेक



चंदवा(आजाद सिपाही)। शुक्रवार को वन विभाग कार्यालय में हाथी के हमले से हुए एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के आश्रित को वन विभाग के द्वारा नौ लाख रुपये का चेक जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा सौंपा गया। बताते चले कि बीते चार मई कि देर रात्रि चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन गांव में हाथियों के झुंड ने भट्ठा मजदूर का झोपड़ी तोड़ते हुए एक मासूम बच्ची समेत एक ही परिवार के तीन सदस्य फनी भुईयां, बबीता देवी और एक मासूम बच्ची मंजीशा कुमारी (सभी सरईडीह भंडरिया जिला गढ़वा) के रहने वाले थे।

## कुपोषित बच्चों को पोषण उपचार केंद्र भेजा जायेगा

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला समाज कल्याण अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रम पोषण माह में लोहरदगा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 माह से लेकर 6 वर्ष के बच्चों का उम्र के अनुसार ऊंचाई और वजन का माप किया गया। मापन और वृद्धि की जांच की गयी। जिससे कुपोषित बच्चों के आंकड़ों की जानकारी प्राप्त हो सके। जो बच्चे कुपोषित की श्रेणी में आयेंगे। वैसे बच्चों को पोषण उपचार केंद्र भेजा जायेगा और साथ ही उनके घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों को कुपोषण से दूर होने की जानकारी दी जायेगी।

## जल सहिया ने मुखिया पति पर लगाया धमकी देने का आरोप

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड के भौरों पंचायत के जल सहिया ललिता देवी ने मुखिया पति पर पद से हटाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जल सहिया ने बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को आवेदन देते हुए मुखिया पति पर करवाई की मांग की है। जल सहिया ने अपने आदेवन मे बीडीओ को बताया की मुखिया पति जग जीवन उरांव द्वारा पंचायत मे नादेप टेंक बनवाया गया है। जिसका कार्य सही से नही किया गया है। जल सहिया ने बताया की मेरे द्वारा जाँच कराने पर नादेप टेंक मानक अनुरूप नही बना है। कही नादेप की उचाई सही नहीं है तो कभी नादेप जगह जगह दरार पड़ा है। इसके बाद मुखिया पति द्वारा मुझसे दबरदस्ती से उपयोगिता प्रमाण पत्र मे हस्ताक्षर कराने की बात कही जा रही है। मेरे द्वारा उपयोगिता मे हस्ताक्षर नही करने पर मुझे पद से हटाने की धमकी दी। जल सहिया ने बीडीओ से मामले की उचित जाँच करने की मांग की है ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 19 सितंबर को घाघरा में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर की गयी चर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी की आगामी 19 सितंबर को घाघरा में होने वाली संकल्प यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपाइयों ने बैठक की। बैठक घाघरा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता सीसीएल के डायरेक्टर अरुण उरांव, भाजपा नेता प्रवीण सिंह व अशोक उरांव मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाजपा की नीति और सिद्धांतों को बताकर उन्हें समझाते हुए उक्त कार्यक्रम में शामिल करने की बात कही। भाजपा नेता अरुण उरांव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संकल्प यात्रा का कार्यक्रम को सफल बनाना है। खंभिया निवासी विजय उरांव ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्य ग्रहण किया। दोनों नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की पट्टी पहना कर सदस्यता ग्रहण करवायी। इस मौके पर उपस्थित लोगों में घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, पप्पू कुमार गुप्ता, विपिन बिहारी सिंह, भिखारी भगत, तिम्बू उरांव, अमित ठाकुर, रामनंदन साहू, बबलू अंसारी अरुंजय सिंह, पंचायत समिति सीमा देवी, सालावंती देवी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

### बीडीओ ने की फसल राहत योजना, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में फसल राहत योजना, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें हर एक पंचायत के पंचायत सचिव एवं पीडीएस डीलर से बारी बारी से आयुष्मान कार्ड के केवाइसी और नये लाभुकों की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही जिन जिन पंचायत के कार्य संतोषजनक नहीं मिले वहां के पंचायत सचिव एवं पीडीएस डीलर को जमकर फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी को फसल राहत योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इस योजना के सभी गरीब किसानों का निबंधन 30 सितम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक में अनुपस्थित पीडीएस डीलरों पर कार्रवाई करने की बात कही गई। वहीं प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर एवं उपप्रमुख प्रमोद खलखो ने भी प्रखंड के सभी पीडीएस डीलर को ससमय लाभार्थियों को राशन वितरण करने का निर्देश दिया और प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कार्डधारियों को राशन उठाव में हो रही परेशानियों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में मुख्य रूप से सीओ गौतम कुमार, प्रमुख ओलीभा कांता कुजूर, उपप्रमुख प्रमोद खलखो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, एजीएम फूलझरी भगत, जनसेवक, पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

### बसिया में खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर नवाटोली स्थित संत जोसेफ विद्यालय मैदान में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलो झारखंड कार्यक्रम का शुभारंभ बीइओ बिनीता केरकेट्टा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन एथलेटिक्स खेलो यथा 100 मीटर से लेकर 1500 मीटर दौड़ आदि का आयोजन किया गया, जबकि दूसरे दिन 9 सितंबर को कब्बडी, खो खो बॉलीबॉल के साथ लांग जंप, हाई जंप का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ीगण जिला स्तर के खेल में भाग लेंगे। इस मौके पर बीपीओ अनुपम कुमार, सरिता कुमारी, कृष्णा साहू, संतोष बीसी, शिक्षक पार्वती झा समेत शिक्षकगण एवं विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

### भरनो में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ समापन

**भरनो (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2023-24 के तहत प्लस टू हाई स्कूल भरनो मैदान में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं बीईईओ शांति मुनि तिर्की शामिल हुए। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर-19 तीन समूह में विभाजित कर खेल का आयोजन किया गया। जिसमें एथलेटिक्स के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मी, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3000 मीटर दौड़ तथा कबड्डी, खो खो, गोला फेंक प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सभी खेलों के विजेता, उवविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीओ शमीम एजाज, बीरेंद्र कुमार, राजदीप कुमार, विजय कुमार, नूर एहसान, भूषण केशरी, रंजीत महतो, बीरबल लोहरा, अर्जक जाहिद, तुलसी लोहरा, शम्भू केशरी सहित अन्य शिक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## चेहल्लुम : जुमा की नमाज के बाद गुमला शहर में निकाला गया चेहल्लुम का जूलूस

# हक के लिए कुर्बानी देने वाले हो जाते हैं अमर : भूषण तिर्की

**जुलूस में शामिल कई घोलों ने बेहतर प्रदर्शन कर जीता लोगों का दिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नमाजे जुमा के बाद गुमला शहर में चेहल्लुम का जूलूस निकाला गया। इस दौरान हुसैनियों ने नारे तकबीर- अल्लाहु अकबर, या अली, या हुसैन जैसे गगनभेदी हुसैनी नारे लगाए। जिला मुख्यालय में बड़ी जोश खरोश के साथ यह जुलूस निकाला गया। बता दें कि चेहल्लुम इमाम हुसैन की शहादत यानी मुहर्रम की 10वीं तारीख के 40 दिन बाद मनाया जाता है। इसीलिए इसे चेहल्लुम या चालीसवें का जूलूस कहते हैं। इस अवसर पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के बैनर तले टावर चौक के समीप स्वागत सह सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक भूषण तिर्की, अति विशिष्ट अतिथि डॉ एहतेशाम वकारिब, विशिष्ठ अतिथि काग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव साहित नाजिम ए आला हाजी खलील अशर्फी, सदर मुशाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, एसडीओ रवि जैन समेत सभी समाज के अगुवाओं की पगड़ीपोशी की गई। इस स्वागत सह सम्मान समारोह में निर्मल गोयल, रमेश कुमार चीनी, दामोदर कसेरा, रामनिवास प्रसाद, रंजीत सिंह, दीपनारायण उरांव, मुरली मनोहर प्रसाद, मनीष हिंदुस्तान आदि को पगड़ीपोशी की गई। मौके पर सभी मेहमानों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और आपसी सद्भाव को हमेशा कायम रखने की बात कही।

इधर अली घोल, आजाद बस्ती, हुसैन नगर, हुसैनी क्लब, मस्तान घोल, कुरैशी मोहल्ला, अहमद लेन, गोल्डन क्लब और रजा कालोनी समेत कुल 12 अखाड़ों ने जुलूस में भाग लिया। मौके पर रजा कलोनी निवासी मो. अलीम खान उर्फ रांटा की देखरेख में तलवारबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त की हुई किशोरियों ने पूरे इस्लामिक ड्रेस में रहकर स्टेज के सामने बहुत ही शानदार तलवारबाजी की। इस दौरान किशोरियों का हौसला बढ़ाने के लिए जोरदार नारे लगाए गए। साथ ही थाना रोड के मस्तान घोल के लोग भी तरह तरह के करतब दिखाए।

इधर जुलूस में कोई चंद्रयान - 3 रॉकेट बनाकर शामिल हुए तो हुसैनी क्लब के युवाओं ने तकरीबन 25 फीट का तलवार बनाया था। वहीं मौलाना इब्राहिम रब्बानी ने बताया कि इस्लाम के इतिहास में सबसे बड़ी जंग कर्बला की जंग है, जो हजरत मोहम्मद के नवासे (नाती) और यजीद के बीच मुहर्रम के महीने में हुई थी और मुहर्रम की दसवीं तारीख तक चली थी। उक्त जंग में हुसैनी खेमे के 72 हुसैनियों ने अपने प्राणों की कुर्बानी देकर इस्लाम का परचम

### गुमला में अनाज व पानी घोटाले की जांच के लिए मुख्य सचिव को जेएनडी ने भेजा ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल जिला समिति ने गुमला जिला में हुए अनाज व पानी घोटाले पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर ईमेल द्वारा झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को ज्ञापन भेज कर उच्चस्तरीय जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में 2021 से लेकर जुलाई माह 2023 तक गुमला जिला में हुए जन वितरण प्रणाली द्वारा अनाज की आपूर्ति व वितरण की जांच की मांग की गई है। दावा किया गया है कि गरीबों के हजारों क्विंटल अनाज व अन्य सामग्री का जिला आपूर्ति विभाग द्वारा गड़बड़ी कर घपला किया गया है। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गुमला द्वारा शहरी क्षेत्र गुमला में एक करोड़ 20 लाख लीटर पानी आपूर्ति करना है, लेकिन मात्र 40 से 50 लाख लीटर पानी की आपूर्ति कर बाकी पानी का पैसा को पानी आपूर्तिकर्ता के द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से इस तरह का धांधली व गबन किया जा रहा है। पानी आपूर्ति नहीं कर भी पैसे की निकासी पीएचडी विभाग के एक अधिकारी के पानी आपूर्तिकर्ता के रिश्तेदार होने की वजह से अवैध ढंग से पैसे निकासी आसानी से की जा रही है। पीएचडी के अधिकारी कार्यपालक अभियंता के चहेते हैं, जिस कारण पानी आपूर्तिकर्ता मनमानी करने में लगे हुए हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 2020 से लेकर अब तक बने जिले में जलमीनार में भी भारी गड़बड़ी की गई है और लाखों रुपए पेयजल मद की राशि की बंदरबांट की गयी है। इस बाबत मुख्य सचिव झारखंड सरकार के अलावे गुमला उपायुक्त को भी कार्रवाई के लिए प्रतिलिपि दी गई है। झानद जिला समिति द्वारा जल्द कार्रवाई शुरू नहीं होने की स्थिति में 14 सितंबर 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन शुरू करने की बात कही गई है।

### सिसई पुलिस ने बाइक चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बाईक चोरी के दो आरोपियों को सिसई पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जेल जाने वालों में सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी सबीर अंसारी (25) व मकसुद अंसारी (19) शामिल हैं। इस संबंध में केस आईओ कृष्णा चौधरी ने बताया कि बीते 5 सितंबर को छारदा रोड निवासी कामेश्वर प्रसाद शर्मा ने अपने हीरो होण्डा नं. जेएच 01एजे 6092 की चोरी को लेकर केस दर्ज कराया था। छानबीन के दौरान उक्त मोटरसाइकिल सहित एक अन्य बाईक नं. जेएच 01डीए 0267 के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देने और दोनों बाईक चोरी की होने की जानकारी दी। जिसके बाद दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

## उग्रवादी हिंसा में मृत स्व. खिरोद सिंह के आश्रित पुत्र को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी

**उपायुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में सौंपा नियुक्ति पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में उग्रवादी हिंसा में मृत सामान्य नागरिक स्व. खिरोद सिंह के आश्रित पुत्र मुंदर सिंह को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है। शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में मुंदर सिंह को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

रायडीह अंचल कार्यालय में अनुसेवक के रूप में पदस्थापित करते हुए उनकी नियुक्ति जिला नजारत शाखा गुमला में की गई। साथ ही उन्हें सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे।

### डुमरी में जीत पर कांग्रेसियों ने बेबी देवी को दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डुमरी उपचुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत पर गुमला महागठबंधन में खुशी है। कांग्रेस ने इस जीत पर बधाई दी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि ये शुरुआत है। अंजाम लोकसभा के साथ होगा। जब जनता अपना भरोसा दिखाएगी और भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेकेंगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से जनता की कमर तोड़ने वाली भाजपा के बिखरने का समय आ गया है। डुमरी उपचुनाव में भाजपा-आजसू मिलकर भी अपनी साख नहीं बचा पाए। अब जनता जाग चुकी है। बधाई देने वालों में अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, हेमावती देवी, हिमेश कुमार व अमर प्रदीप कुजूर शामिल हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी को सिसई थाना से छोड़े जाने का मामला चर्चा का विषय बना



थाना में बैठे पीड़िता के परिजन व अन्य।

**सिसई (आजाद सिपाही)।** दुष्कर्म के आरोपी को सिसई पुलिस के द्वारा पकड़कर थाना से छोड़े जाने का मामला शुक्रवार को दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। आरोपी थाना क्षेत्र के बरगांव का है। जिसके घर पर पुलिस न्यायालय का आम इश्तेहार भी चस्पा कर चुकी है। ग्रामीण व पीड़ित परिजन भूषण कुमार, आशीष कुमार, उत्तम कुमार, सुदीप साहू, अनिल कुमार साहू ने बताया कि पुलिस बल के साथ एसआई भवेश कुमार शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे दुष्कर्म के आरोपी सुभाष कुमार के घर पहुंचे और उसे गिरफ्तार कर थाना ले गये। जहां से उसे छोड़ दिया गया है। आरोपी को छोड़े जाने के बावत एसआई भवेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आरोपी सुभाष कुमार के पास हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर 18 सितंबर तक रोक का स्टे आर्डर था। जिसकी कॉपी देखकर उसे छोड़ दिया गया। थाना से लेकर आदेश की कॉपी को हमारे हाईकोर्ट के वकील रितेश को भेजा गया तो उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के इस आदेश में सिसई थाना कांड संख्या 46/2023 में याचिकाकर्ता के द्वारा सीआरपीसी की धारा 82 पर रोक लगाने की मांग करने और न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथि पर कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की बात कहने पर न्यायालय ने 18 सितम्बर तक न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है, ना कि उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। वैसे भी पुलिस को रेपिस्ट को गिरफ्तार करने के लिए गैरजमानती वारंट की जरूरत नहीं पड़ती है। आरोपी को देखते ही पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने कहा कि आरोपी अपने वकील के साथ हाईकोर्ट का आदेश लेकर स्वयं थाना को जानकारी देने पहुंचा था। हाईकोर्ट के आदेश की प्रति लेकर आरोपी को छोड़ा गया है।


## कार्यालय : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग।

### —: सूचना :—

हजारीबाग जिले मे मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन के संबंध में विस्तृत विवरणी www.hazaribag.nic.in पर उपलब्ध है।

पदवार रिक्ति की विवरणी निम्नवत् है :—

| पद का नाम | अना0 | अ0ज0 जाति | अनु0जाति | अ0पि0वर्ग | पि0वर्ग | आ0क0व | कुल पद | निःशक्तता के अनुमान्य प्रवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | |
| तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 06 | 0 | 02 | 03 | 02 | 01 | 14 | |
| तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 11 | 02 | 06 | 03 | 02 | 03 | 27 | प्रवर्ग (क)–1 प्रवर्ग (ख)–1 (क्षैतिज रूप से) |
| लेखा सहायक | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 | |
| कम्प्यूटर सहायक | 02 | 0 | 01 | 02 | 0 | 01 | 6 | |
| ग्राम रोजगार सेवक | 49 | 01 | 07 | 04 | 02 | 07 | 70 | प्रवर्ग (क)–2 प्रवर्ग (ख)–2 प्रवर्ग (घ+ड़)–1 (क्षैतिज रूप से) |

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक आवेदक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 18.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, हजारीबाग के नाम से आवेदन जमा कर सकते हैं।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
हजारीबाग।

PR 306400 (Rural Development) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष 2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 26.09.2023 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 27.09.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 27.09.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Ordinary Repair of Rajauli-Chandwara-Barhi Road(Total Length-2.9 Km) under vivekadhin for the year 2023-2024. | 801017.00 | 16500.00 | 1250.00 | 01(एक) माह |
| 2 | Restotration of Traffic in Bagitand -Lokai Road (Total Length = 2.88 K.M ) under vivekadhin for the year 2023-2024. | 249994.00 | 5000.00 | 500.00 | 01(एक) माह |
| 3 | Restoration of Traffic and jungle clearance in Jharkhand Dham Sampark Road From 0.00 to 24.00 km under Vivekadhin Head for the Year 2023-24. | 2,49,483.00 | 5000.00 | 500.00 | 01(एक) माह |

➢ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,GSTiN, UCAN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा

PR 306420 Road(23-24)#D


## कार्यक्रम : सांता पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस सह शिक्षक सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया

# शिक्षा एक ऐसी कुंजी है जिसे कोई छीन नहीं सकता : एसडीपीओ

**शिक्षकों की बदौलत ही समाज और देश का निर्माण होता है : डायरेक्टर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**स्कूल में गूंजता रहा बार-बार आये हैप्पी टीचर्स डे**

टीचर्स डे के मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा केक काटा गया, केक काटते हुए स्कूल के प्रिंसिपल हेमंत कुमार ने शिक्षा पर प्रकाश डाला और अपने बचपन की यादें शेयर की। वहीं सभी शिक्षकों को टीचर्स डे के मौके पर स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल के बाल संसद को भी सम्मानित किया गया। मौके पर टीचर्स जासिंता बेक, नोर्बेट बेक, हिमा कुमारी, अंकिता कुमारी, बीना देवी, निशा कुजूर, रजनी सिन्हा, कंचन,, बाल संसद के स्टूडेंट सोनम कुमारी, मनीषा कुमारी,अर्पिता कुमारी, दिव्यांश कुमार, अमन कुमार गुप्ता, प्रीतम कुमार आदि सहित स्कूली बच्चे, टीचर्स उपस्थित रहे

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में शुक्रवार को शिक्षक दिवस सह शिक्षक सम्मान समारोह, साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीपीओ गुमला मनीषचंद्र लाल ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा शिक्षक एक कुम्हार हैं जो बच्चों का निर्माण करते हैं, और यही बच्चे समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। मैं भी बच्चा था स्कूल गया और ऐसे ही शिक्षक के कारण आज मैं इस पद पर हूं। मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षा एक ऐसी कुंजी है जिसे कोई छीन नहीं सकता है। मौके पर पत्रकार दुर्जय पासवान ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल शिक्षा का अलख जगा रहा है। उन्होंने नशापन से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही कहा कि प्रत्येक दिन स्कूल आये। वहीं मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय सिलम के प्रिंसिपल सुमित कुमार नंद ने कहा कि गुमला शिक्षा की नगरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने माता-पिता, टीचर्स का आदर करें। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा टीचर्स को सम्मान देना गर्व की बात है। शिक्षकों की बदौलत ही समाज और देश का निर्माण होता है। बच्चे देश के कर्णधार हैं, जिनका निर्माण शिक्षक करते हैं। मौके पर पूर्व सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एनाबेला तिग्गा ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का आदर करें, पढ़ाई में ध्यान दें, मोबाइल से भी दूर रहें। इस अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय सिलम के प्रिंसिपल सुमित कुमार नंद, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एनाबेल तिग्गा को शिक्षा के क्षेत्र में, पत्रकारिता के क्षेत्र में दुर्जय पासवान को स्कूल के द्वारा सम्मानित किया गया। इन्हें मुख्य अतिथि एसडीपीओ गुमला मनीष चंद्र लाल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया।

**लापरवाही : मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों को कच्चा अंडा दिये जाने पर आयुक्त ने जतायी कड़ी नाराजगी**

# शिक्षा में गुणात्मक सुधार से ही मिलेगा बेहतर परिणाम: आयुक्त

## प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनका वेतन रोकने, संयोजिका को बदलने व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को हटाने का निर्देश

- कस्तुरबा विद्यालय में शिक्षा व मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की आयुक्त ने की जांच
- कस्तूरबा स्कूल में स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, लैब को क्रियाशीळ करने एवं भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता


कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से बातें करते आयुक्त व अन्य।

**मेदिनीनगर।** शिक्षा में गुणात्मक सुधार से बेहतर परिणाम मिलेगा। शिक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा मिले, इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ायी जा रही है। विद्यार्थियों को सही शिक्षा मिले इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। बालिका शिक्षा से बेहतर समाज निर्माण हो सकेगा। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कही। वे शुक्रवार को पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं शाहपुर राजकीय मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण के क्रम में बोल रहे थे। इस दौरान क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। विदित हो कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, चैनपुर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित हुआ है। औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विभिन्न कक्षाओं का जायजा लिया। अध्यनरत छात्राओं एवं अध्यापन कार्य में लगी अध्यापिकाओं एवं वार्डन से बातचीत की। शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में पूछा। साथ ही स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय एवं लैब की क्रियाशील होने की जानकारी प्राप्त की। स्मार्ट क्लास के संबंध में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं में जानकारी के अभाव का आकलन कर आयुक्त ने वार्डन एवं आईसीटी के जिला समन्वयक को स्पष्ट हिदायत दी कि प्रत्येक शिक्षिकाओं को स्मार्ट क्लास के संबंध में प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन स्मार्ट क्लास के माध्यम से दो क्लास करवाना सुनिश्चित कराएं। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने भी स्मार्ट क्लास के माध्यम से दो कक्षाओं का प्रत्येक दिन संचालन पर बल दिया। इस संबंध में विभाग को प्रमाण पत्र देने का निर्देश दिया। आयुक्त ने छात्राओं के लिए बनाए गए रसोईघर एवं खाना खिलाये जाने की व्यवस्था का भी जायजा लिया। दाल का स्वाद लिया। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने भी भोजन का स्वाद लिया। आयुक्त ने भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया। छात्राओं को दरी पर बैठाकर खिलाए जाने एवं खाना खिलाये जाने वाले स्थान पर पर्याप्त रोशनी/लाइट नहीं रहने की व्यवस्था पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल वार्डन को टेबल-कुर्सी पर बैठाकर खाना खिलाने एवं रोशनी की समूचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने छात्राओं की पढ़ाई, खाने, रहने, स्वास्थ एवं सुरक्षा आदि में किसी प्रकार की कोई असावधानी नहीं बरतने की हिदायत दी। यहां तैनात सुरक्षा प्रहरी को रोटेशन वाइज दिन एवं रात में ड्यूटी कराने का भी निर्देश दिया, ताकि छात्राएं सुरक्षित महसूस कर सकें। आयुक्त ने छात्राओं की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए सिविल सर्जन को पत्र भेजकर समय-समय पर चिकित्सक को बुलाने एवं स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती कराने का भी निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में विगत दो साल से निमार्णाधीन भवन को देख संबंधितों द्वारा उदासीनता का परिणाम बताया। इसे लेकर उन्होंने शिक्षा सचिव एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव को पत्र भेजकर इस संबंध में अवगत कराने एवं भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का भी निदेश दिया। आयुक्त ने राजकीय मध्य विद्यालय शाहपुर का भी औचक निरीक्षण कर वहां विद्यार्थियों के लिए बने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता एवं मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन मिल रहा है या नहीं, इसकी जांच की। विद्यार्थियों को छत पर अव्यवस्थित तरीके से बैठाकर भोजन कराए जाने की परंपरा, प्लेट/थाली की जगह अधिसंख्य बच्चों को कागज के प्लेट पर खाना परोसे जाने एवं कच्चा अंडा दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों से बातचीत की और व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने मध्याह्न भोजन दिए जाने में उदासीन रवैया को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक को शो-कॉज करते हुए वेतन रोकने एवं संयोजिका को बदलने के साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को हटाने का निर्देश दिया।

वहीं निकासी एवं व्यनन पदाधिकारी सत्येंद्र तिवारी को मूल विघालय मध्य विद्यालय, हरिणामाड़ में प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया। उनके द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय, शाहपुर में निकासी एवं व्यनन पदाधिकारी के रूप में कार्य करने के संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया।

## निगम क्षेत्र को विकसित करने का डीसी ने दिया भरोसा: अरुणा शंकर




- शहरी जलापूर्ति, वीआईपी रिंग रोड, स्विमिंग पुल युक्त स्पोर्ट्स कंपलेक्स और ट्रैफिक सुदृढ़ करना प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू डीसी शशि रंजन से मिलकर निगम क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2/3 और कोयल में मिनी बांध बांधकर शहर में पानी का लेयर बढ़ाने की बात राखी। जिसपर डीसी ने तत्काल जुडको के पदाधिकारी से मोबाइल पर बात कर बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य दिसंबर तक शुरू हो जाने की पूरी संभावना है। साथी ही उन्होंने यह भी कहा कि शहर में गिरते जल स्तर को बनाए रखने के लिए मिनी बांध की योजना पर जल्द सरकार से सहमति लूंगा क्योंकि पलामू में दिन प्रतिदिन बारिश भी कम हो रही है। प्रथम महापौर ने डीसी से शहर के अंदर वीआइपी रिंग रोड़ रेडमा चौक से महात्मा गांधी मार्ग होते छमुहान, सर्किट हाउस, बिसफुट्टा पुल, बाईपास होते रेडमा चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण की बात रखी, जिस पर उन्होंने जल्द कार्य करवाने का भरोसा दिया। प्रथम महापौर ने शाहपुर से नेउरा तक के मार्ग की दुर्दशा को बताते हुए दुरुस्त कराने की बात की बात कही, जिस पर डीसी ने जल्द कराने की सहमति दी। चर्चा के क्रम में प्रथम महापौर द्वारा दिए गए अन्य प्रस्ताव में एक वूमेंस कॉलेज मार्ग में मिनी फ्लाईओवर बनाकर मुख्य फ्लाईओवर में जोड़ने की बात रखी, ताकि गढ़वा जाने वाली गाड़ियों से हो रहे शहर जाम से शहीद चौक को मुक्ति दिलाई जा सके। शहर के ट्रैफिक लाइट को दुरुस्त कराने, शहर के स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने एवं विमेंस कॉलेज के सामने पूर्व सर्किल ऑफिस एरिया जो अब खाली पड़ा है में स्विमिंग पुल युक्त इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने पर सकारात्मक चर्चा की गई। प्रथम महापौर ने कहा कि डीसी से वार्ता सकारात्मक रही। मुझे खुशी है उन्होंने मेरे कार्यकाल में बने कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, महात्मा गांधी मार्ग, चौक चौराहों का सुंदरीकरण को सराहा।

## बेबी देवी की जीत पर हुसैनाबाद के झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड के डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में आइएनडिआइए गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की हुई जीत पर स्थानीय झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। झामुमो के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश का समेकित विकास जारी है। डुमरी की जनता ने राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे विकास पर अपनी मुहर लगाकर जीत का सेहरा बांधा है। इस मौके पर पिंटू गुप्ता, बिससूत्री सदस्य राजेश सिंह, रमेश राम, जगदीश राम, अभिमन्यु सिंह, सीताराम, बिंध्याचल सिंह, सीताराम सिंह, गौतम जायसवाल, मनोज ठाकुर, जाकिर हुसैन, आजम खान, सुरेश पासवान आदि मौजूद थे।

## हेमंत सरकार पर और भी बढ़ा जनता का विश्वास : अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** डुमरी विधानसभा उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत के बाद झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार पर जनता का विश्वास और भी मजबूत हो गई है। उक्त बातें हरिहरगंज प्रखंड के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने कही। उन्होंने जनता को जीत की बधाई देते हुए कहा कि डुमरी उप चुनाव में एनडीए की पूरी ताकत झोंकने के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के ऊपर एक बार फिर जनता ने विश्वास जताया है और इस जीत से लगता है कि आगे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सरकार के ऊपर विश्वास डुमरी की जनता जारी रखेगी।

## बेबी देवी की जीत पर आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं में जश्न का माहौल

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी बेबी देवी की जीत से आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं में जश्न का माहौल है। झामुमो के दिवंगत नेता जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को 13000 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब एनडीए खासकर भाजपा के दिन लद गए हैं। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का सुपड़ा साफ हो जाएगा। भाजपा गठबंधन झूठ की खेती कब तक करेगी।

## डीआरएम को ज्ञापन सौंप सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस ट्रेन की सिगासिगी स्टेशन पर ठहराव की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड़/पलामू।** मुगलसराय रेल खंड के सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति ने सिगसिगी रेलवे स्टेशन के दौरे पर पहुंचे मुगलसराय रेल खंड के डीआरएम राजेश गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के सदस्यों ने सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट के ठहराव की मांग की। डीआरएम को दिए ज्ञापन में अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से विद्यार्थियों को ऊच्च शिक्षा को लेकर बाहर जाने, बेहतर ईलाज के लिए कहीं बाहर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर एक भी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की सुविधा नहीं है। इससे पूर्व में भी इस विषय को लेकर रेलवे के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया था, लेकिन अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की गयी। उन्होंने उक्त ट्रेन की ठहराव को लेकर डीआरएम से आग्रह किया है, ताकि यात्रियों के जीवन स्तर में सुधार होगा। साथ ही युवाओं को नये-नये अवसर मिल सके। मनोहर पासवान ने बताया कि एलसी गेट संख्या 97 जो समपार फाटक है उसे अब हित एवं रेल हित में फ्लाई ओवर ब्रिज में तब्दील किया जाए। बताया कि गांव के बीच में स्टेशन होने के कारण प्लेटफार्म नंबर एक से चार पर आने-जाने की कोई सुविधा नहीं है। ग्रामीणों को भी उस पर आने-जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। इसीलिए स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म से बाहर का फुट ओवर ब्रिज जो काम रुका हुआ है उसे जल्द प्रारंभ किया जाए। मौके पर विक्रांत कुमार, सतनारायण चंद्रवंशी, प्रभात कुमार, अरुण सोनी, योगेन्द्र पासवान आदि थे।

## जन्माष्टमी पर हल्का गांव में भक्ति जागरण का किया गया आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत हल्का गांव में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नव युवक संघ समिति की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसके पहले राजद के प्रदेश युवा सचिव रवि कुमार यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लखन यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव आदि ने संयुक्त रूप से फिता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन की शांति के साथ आपसी भाई चारा कायम रहती है। मौके पर यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय यादव, कीड़ा प्रदेश अध्यक्ष चंदन बैठा, ऊपा अध्यक्ष सूरज यादव, दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, पंसस सत्येंद्र भुंइया, अशोक यादव, मंटू यादव यादव, पूजन मेहता, नंदू भुइयां, रंजीत गुप्ता आदि थे।

## झामुमो की विकास नीति की हुई है जीत : राजेंद्र



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने डुमरी में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि डुमरी उपचुनाव में महगठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को वहां की जनता ने शानदार जनादेश के साथ विजयी बनाया है। इससे साफ पता चलता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता खुश है। भाजपा-आजसू और एआइएमआईएम जैसी बांटने वाली शक्तियों को डुमरी की जनता ने आइना दिखा दिया है। झारखंड में विकास की राजनीति चलेगी, तोड़ने की नहीं। पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो जी आज भी जनता के दिलों में जिंदा हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों का सम्मान जनता ने किया है, साथ ही इतने बड़े अंतर से झामुमो प्रत्याशी को चुनाव जीता कर उन्हें जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। ज्ञात हो कि जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो पलामू की टीम भी बेबी देवी के समर्थन में डुमरी गई थी।

# स्पोर्ट्स



श्रीलंका के कोलंबो में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच पर भी बारिश का साया है। इसके लिए रिजर्व डे रखा गया है।

**10 सितंबर को जहां रुकेगा, 11 को वहीं से खेला जायेगा मैच, कोलंबो में बारिश के 90 फीसदी आसार**

# भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का खतरा, होगा रिजर्व-डे

एजेंसी




**कोलंबो।** एशिया कप सुपर-4 स्टेज में भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में मैच पूरा नहीं हो पाता है तो 11 सितंबर को रिजर्व-डे रखा गया है। सुपर-4 स्टेज का तीसरा मैच भारत और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा। इस दिन कोलंबो में बारिश होने के 90 फीसदी आसार हैं। तापमान 26 से 32 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। जानकारी के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 स्टेज मैच के लिए 11 सितंबर को रिजर्व-डे रखा गया है। 10 सितंबर को मैच जहां रुकेगा, 11 सितंबर को वहीं से खेला जाएगा। दरअसल, इससे पहले, दो सितंबर को भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

### किसी और सुपर-4 मैच के लिए रिजर्व डे नहीं

बतातें चलें कि किसी और सुपर-4 मैच के लिए रिजर्व डे नहीं है। सिर्फ भारत-पाकिस्तान के लिए ही है। इसके अलावा किसी और मैच में बारिश होती है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा सिर्फ एशिया कप 2023 फाइनल के लिए रिजर्व-डे रखा गया है। एक्यूवेदर के मुताबिक, श्रीलंका के मौसम विभाग के अनुसार रविवार को कोलंबो में मैच के समय दोपहर दो बजे से भारी बारिश के आसार हैं। भारत और पाकिस्तान का मैच भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे से खेला जाना है। टॉस दोपहर 2.30 बजे होगा।

### बीच टूर्नामेंट में वेन्यू शिफ्ट करने पर चर्चा थी

शनिवार से कोलंबो में सुपर-4 स्टेज के बाकी पांच मैच खेले जाने हैं। इस बीच कोलंबो शहर में बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए। वेदर रिपोर्ट्स के अनुसार, कोलंबो में 17 सितंबर तक तेज बारिश की संभावना है। पहले खबरें आ रही थीं कि मैचों को कोलंबो से हंबनटोटा शिफ्ट किया जाएगा। लेकिन पीसीबी और एसीसी में इस बात पर सहमति नहीं बन पाई है, इसलिए फिलहाल कोलंबो में ही सुपर-4 के मैच होंगे।

### भारत का हर 24वां वनडे हुआ है रद्द

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया वनडे मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। वनडे के इतिहास में ऐसा 44वीं बार हुआ, जब भारत का मैच रद्द हुआ है। इस मामले में टीम इंडिया पहले से ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हुए है। भारत का हर 24वां वनडे रद्द हो जाता है। रद्द होने वाले मैचों के पीछे बारिश सबसे बड़ा फैक्टर है। हालांकि, कुछ मैच बिना बारिश के भी रद्द हुए हैं।

## बाबूलाल मरांडी की जनसभा की तैयारियों की समीक्षा को लेकर भाजपा ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मैदान में 14 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की आयोजित होने वाली संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा को लेकर हुसैनाबाद शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता व संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एवं प्रभारी के रूप में उपस्थित पलामू सांसद ने हुसैनाबाद विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विचार विमर्श करते हुए जानकारी ली। साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी। सांसद ने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जगह-जगह पर भव्य स्वागत करेंगे। वहीं, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह ने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है। उन्होंनें सभी को परिवर्तन संकल्प यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल सिंह एवं संतोष सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रामप्रवेश सिंह, सोमेश सिंह रामराज मेहता, शिव मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, नरेंद्र सिंह, उदय विश्वकर्मा और राजेश कर्ण आदि उपस्थित थे।

### पूर्णिमा सिंह ने सीसीए लगे अपराधियों पर कार्रवाई, राजापुर से निकलने वाले हाइवा के कारण दुर्घटना की दी जानकारी

# गया पुल चौड़ीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की होगी पहल: बन्ना गुप्ता

- स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला 20 सूत्री की बैठक
- गया पुल चौड़ीकरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के लिए आरसीडी सचिव को पत्र लिखे जाने का लिया गया निर्णय
- झरिया के जियलगोडा में सीएचसी निर्माण के लिए प्रक्रिया पूरा करने का किया विधायक ने किया अनुरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



जिला 20 सूत्री की बैठक में उपस्थित मंत्री, बन्ना गुप्ता, सांसद विधायक व अन्य

**धनबाद।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह धनबाद जिला के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बैठक का उद्देश्य स्वच्छ मन एवं अच्छे माहौल में विभिन्न विषयों पर गंभीरता पूर्वक चिंतन मनन कर जिले का विकास करना है। गया पुल चौड़ीकरण को लेकर मंत्री ने कहा कि आरसीडी सचिव को पत्र लिखकर गया पुल चौड़ीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की पहल की जाएगी। पार्किंग की समस्या पर कहा कि एक उचित स्थल देखकर जिले में मल्टी लेवल कर पार्किंग एवं जहां बोटल नेक सड़क है उसे चौड़ा करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा जाएगा। सरकारी तालाब के सैरात दर में हुई वृद्धि पर कहा कि वे मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के समक्ष दर कम करने का प्रस्ताव रखेंगे। ऑनलाइन म्यूटेशन में हो रही परेशानी पर कहा कि जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न प्रखंडों में विशेष जनता दरबार लगाकर केवल जमीन से जुड़े समस्या का समाधान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का अक्षरशः अनुपालन करने, अल्ट्रासाउंड सेंटरों की औचक जांच करने और शहर की विभिन्न खराब लिंक रोड में एसीबी जांच के नाम पर काम बंद होना को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त से एसीबी से एनओसी लेने का निर्देश दिया। वहीं, सांसद पीएन सिंह ने ऑनलाइन म्यूटेशन, लगान रसीद तथा पंजी-2 में नाम दर्ज करने के लिए होने वाली परेशानियों से मंत्री को अवगत कराया। जबकि विधायक ढुल्लू महतो ने राजगंज-रांची फोरलेन सड़क पर सोनारडीह में रेलवे फाटक के कारण लगने वाले जाम का समाधान निकालने का अनुरोध किया। विधायक राज सिन्हा ने बैंक मोड़ सहित शहर के अन्य स्थानों पर पार्किंग नहीं होने के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न होने, पांडरपाला में सेनेटरी पैड निर्माण एवं सिलाई मशीन केंद्र को पुनः शुरू कराने, जाति प्रमाण पत्र के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का अनुरोध किया। वहीं, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सीसीए लगे अपराधियों पर कार्रवाई करने, राजापुर से निकलने वाले हाईवा के कारण सड़क की दुर्दशा की ओर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही झरिया में सीएचसी के निर्माण के लिए जेयलगोड़ा के बगल में चिन्हित प्लाट में सीएचसी निर्माण की प्रक्रिया को पूरा करने का अनुरोध किया। इस दौरान पेयजल, बिजली, विधि व्यवस्था सहित अन्य विषयों की समीक्षा की। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, मंत्री के सचिव आसिफ एकराम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद, डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार, डीसीसी शशि प्रकाश सिंह, डीएफओ विकास पालीवाल, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार आदि थे।

# सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए गंभीरता से काम कर रही सरकार : बन्ना गुप्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को धनबाद में जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होने जाने के क्रम में महुदा लालबंगलो स्थित पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के आवास पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लालबंगलो चौक पर उनका फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। जलेश्वर महतो के पुत्र सुमित महतो ने बन्ना गुप्ता को बुके देकर सम्मानित किया। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष लगन देव यादव, उपाध्यक्ष, राहुल कुमार महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जलेश्वर महतो के आवास पहुंचकर उनका भी स्वागत किया। इस बीच झारखंड की 80 हजार सेविका व सहायिका का आठ माह से मानदेय भुकतान नहीं होने से असहज महसूस कर रहे दर्जनों सेविका व सहायिकाओं ने मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपा और इस पर अविलंब विचार करते हुए मानदेय भुगतान करने की मांग की। लगे हाथ मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। दूसरी ओर, मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि पार्टी और झारखंड की जनता को आश्वस्त करता हूं कि प्रदेश की गठबंधन सरकार शासन को सुनिश्चित करने के लिए पुरजोर तरीके से काम कर रही हैं। मंत्री ने कहा कि झारखंड की जनमानस को सभी तरह की सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने व उन्हें इसके प्रति जागरूक करने को लेकर हेमंत सरकार पूरी निष्ठा के साथ काम कर रही है। उन्होंने छत्रुटांड में बने स्वास्थ केंद्र में चिकित्सक नहीं होने के कारण हो रही समस्याओं के सवाल पर कहा कि अभी 900 के करीब अध्यासन गयी हैं। जल्द ही हम चिकित्सकों की नियुक्ति भी कर रहे हैं। बीच में अभी 200 के करीब एमबीबीएस चिकित्सकों की न्यूक्ति की गई है। जैसे ही चिकित्सक उपलब्ध होते जाएंगे। और जहां-जहां मैन पावर की कमी हैं, उन कमियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। वहीं तरगा पंचायत स्थित नये फोरलेन सड़क पर बनी नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर व्यवस्था पर कर्रवाई करने की बात कही हैं। बताते चलें कि शुक्रवार को धनबाद जिले के निरीक्षण भवन में मंत्री बन्ना गुप्ता जन सुनवाई करेंगे। इसी को लेकर वे धनबाद जा रहे थे। रास्ते में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों से महुदा में मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष लगन देव यादव, उपाध्यक्ष, राहुल कुमार महतो, सदस्य में कुलदीप ठाकुर, जियाउल हक, सुदेशदास आदि थे।

## डुमरी विस के उपचुनाव में बेबी देवी की जीत ऐतिहासिक: अमित पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**आईईएल।** गोमिया के झामुमो नेता अमित पासवान ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में बेबी देवी की जीत को ऐतिहासिक बताया। कहा कि डुमरी विधानसभा की जनता ने बेबी देवी को मत देकर एक इतिहास रचा है। वहीं इस ऐतिहासिक जीत में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने भी पूरे चुनाव में काफी सक्रिय भूमिका निभाई। जिनका असर सकारात्मक देखने को मिला। बतातें चलें कि डुमरी



विधानसभा सीट पर मिली जीत से झामुमो में जश्न का माहौल है।

## सीओ ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर किया जब्त, दो गिरफ्तार

अवैध मुहानों को देख सीओ ने बीसीसीएल जीएम को डोजरिंग कराने का दिया निर्देश


आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बालू की तस्करी को लेकर गुरुवार की शाम बाघमारा सीओ कमल किशोर सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान महुदा स्थित मछियारा एनएच के नए फ्लाइओवर, महुदा मोड़ पेट्रोल पम्प एवं तेलमच्चो में अवैध बालू से लदे तीन ट्रेक्टरों को पकड़कर महुदा पुलिस को सौंप दिया गया। जब्त तीनों ट्रैक्टरों में नंबर प्लेट नहीं था। छापामारी



के दौरान सीओ ने पदुगोड़ा पंचायत के कुलटांड व हांथुडीह पंचायत के हांथुडीह गांव में स्थित पोखरिया में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध कोयला उत्खनन स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कई अवैध मुहानो को देखा। लेकिन उत्खनन स्थल से उन्हें निराश वापस जाना पड़ा। क्योंकि अवैध कोयला तस्करों को छापामारी की सूचना पहले ही मिल चुकी थी। इस बाबत सीओ ने बताया कि अवैध बालू और कोयला खनन व परिवहन की सूचना पर महुदा थाना प्रभारी के साथ अभियान चलाया गया। इस क्रम में वे लोग कुलटांड गांव भी गये थे, जहां सूचना मिली थी की अवैध कोयला उत्खनन व परिवहन किया जा रहा हैं। पर वहां कुछ भी नहीं मिला। सिर्फ दो अवैध मुहाने दिखे हैं जिसे डोजरिंग कर बंद कराने के लिए संबंधित बीसीसीएल जीएम को कहा गया है। इस दौरान तीन अलग-अलग स्थानों ने तीन अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर जब्त करने के साथ ही दो चालक को पकड़कर महुदा थाना प्रभारी को सौंप दिया गया हैं। जबकि एक चालक फरार हो गया। सभी पर मामला दर्ज कर अग्रिम कर्रवाई की जाएगी। बतातें चलें कि पूर्व में भी सीआइएसएफ द्वारा उक्त अवैध मुहाने से कुछ ही दूरी पर काली मंदिर के नजदीक जंगलों से छापामारी कर सैकड़ों बोरियां अवैध कोयला जब्त किया गया था। बावजूद यहां अवैध कोयला उत्खनन का कारोबार जारी था।

## लोगों के बैंक खातों में आ रहे लाख रुपये, ओडिशा ग्राम्य बैंक में उमड़ी भीड़




**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रपड़ा जिले के आलि ब्लॉक का बाटिपड़ा पंचायत के बाटिपड़ा गांव स्थित ओडिशा ग्राम्य बैंक में शुक्रवार को शताधिक लोगों की भीड़ देखी गयी। इसका मूल कारण बैंक में लोगों के खातों में लाखों रुपये जमा होने की खबर पूरे इलाके में फैलना था। इस संबंध में शाखा प्रबंधक ने कहा कि लोगों की भीड़ थी, उनके एकाउंट में पैसा कहां से आया। जिन 300 खातों की हमने जांच की, उनमें से 40 खातों को पता नहीं था कि पैसा कहां से आया। उन्होंने कहा कि किसी के खाते में आठ, किसी के 14, किसी के 30, किसी के 40 तो किसी के 60 हजार रुपये आये हैं। किसी-किसी के खाते में तो दो लाख रुपये आये। जांच के बाद पता चलेगा की पैसा कहां से आया है।

# संबलपुर सिटी रेलवे स्टेशन की बुनियादी ढांचे के विकास को गुरुत्व, रेलवे बोर्ड ने मंजूर किये 5.43 करोड़ रुपये

### 6.49 करोड़ की लागत से होगी बालेश्वर रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर जल निकासी की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** संबलपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के डिब्बों में पानी की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के लिए 5.43 करोड़ रुपये की लागत से क्विक वॉटरिंग सिस्टम नामक एक नई प्रणाली को रेलवे बोर्ड द्वारा मंजूरी दे दी गई है। त्वरित जल आपूर्ति सुविधा बेहतर जल आपूर्ति और यात्री डिब्बों में पानी की उपलब्धता में योगदान करेगी। ट्रेन में सभी यात्रियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए एक त्वरित तंत्र प्रदान करती है और पानी की बर्बादी को भी रोकती है। इसके अलावा 24 कोच वाली ट्रेन को महज पांच मिनट में भरा जा सकता है। कई ट्रेनों में पानी की आपूर्ति की जा सकती है। रेलवे ट्रेन के सभी कोचों में यात्री सुविधा के तौर पर पानी उपलब्ध कराता




है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को जल संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए निर्धारित रेलवे स्टेशनों पर कोचों में नियमित रूप से पानी भरा जाता है। लेकिन ट्रेनों में पानी सप्लाई करने में भी काफी वक्त लगता है। पारंपरिक व्यवस्था के तहत 24 डिब्बों की ट्रेन में पानी भरने में करीब 20 मिनट का समय लगता है। फिलहाल संबलपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर ऐसी कोई सुविधा नहीं है इसलिए, आगे दी जाने वाली नयी त्वरित जल आपूर्ति प्रणाली विशेष रूप से बिलासपुर-भुवनेश्वर मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी। तीव्र जल आपूर्ति प्रणाली का उपयोग करके 24 कोच वाली ट्रेन 5 से 6 मिनट के भीतर भरी जा सकती है। इसके अलावा, एक साथ कई ट्रेनों की सिंचाई की जा सकती है। स्काडा प्रणाली के माध्यम से उच्च दक्षता वाले मोटरों के साथ छह इंच के पाइप के माध्यम से ट्रेन के डिब्बों में पानी की आपूर्ति की जाती है। स्काडा प्रणाली स्वचालित रूप से जल प्रवाह को नियंत्रित करती है इसमें एसएमएस के माध्यम से निगरानी की सुविधा भी है। वाल्व को दूर से भी संचालित किया जा सकता है। स्काडा प्रणाली पानी की खपत को नियंत्रित करने में मदद करती है और हाइड्रेंट के किसी भी अनधिकृत उपयोग या रिसाव का पता लगाने में भी मदद करती है। इस प्रणाली को लागू करके रेलवे ने अपने सभी यात्रियों को ताजे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की है और पानी की बबार्दी और दुरुपयोग को भी कम किया है। दूसरी ओर, भारतीय रेलवे जोनल रेलवे के तहत सभी स्टेशनों पर अधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने और बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के लिए नियमित कदम उठा रहा है। इसके एक भाग के रूप में, दक्षिण पूर्व रेलवे के खडगपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत बालेश्वर स्टेशन पर भी विकास कार्य चल रहा है बालेश्वर स्टेशन के पश्चिमी तरफ जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए रेलवे बोर्ड ने हाल ही में 6.49 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। बालेश्वर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रमुख उन्नयन किए गए हैं, जो दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों को विकसित करने की योजना है। रेलवे बोर्ड ने अनुमोदित धनराशि बालेश्वर

## सोआ में दो दिवसीय राज्य स्कूल शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) में शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय ऑल ओडिशा स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में 200 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ऑल ओडिशा शतरंज एसोसिएशन (एओसीए) द्वारा आयोजित और सोआ के सहयोग से, चैंपियनशिप को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि धार्य की गयी है। इस टूर्नामेंट में पूरे राज्य से पांच से 15 साल के बच्चों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद थे। उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य राज्य में इस खेल को लोकप्रिय बनाना है जिससे पता चले कि शतरंज के खेल में नई प्रतिभाएं उभर रही हैं। इस कार्यक्रम में सोआ छात्रमंगल के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास, एओसीए अंतर्राष्ट्रीय अरबिटर सुरेश चंद्र साहू, संपादक देबब्रत भट्ट और कोषाध्यक्ष शंकर मिश्र ने बक्तब्य रखे। प्रो दास ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे मानव जीवन में अनुशासन आता है। उन्होंने कहा कि शतरंज का खेल अन्य खेलों से अलग है और यह मस्तिष्क को चंचल करता है। मौके पर सोआ खेल अधिकारी सुनीता बर्मा भी उपस्थित थीं।

## पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने की जेडआरयूसीसी की बैठक की अध्यक्षता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे द्वारा जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक इस बैठक में माननीय सांसद वर्तुहरि महताब (सांसद/लोकसभा/कटक सदस्य), राम मोहन नायडू कि ं ज र ए ए ा ु (संसद/लोकसभा/श्रीकाकुलम सदस्य), सुजीत कुमार (संसद/राज्य सदस्य) असेंबली) के साथ-साथ कई वाणिज्य और उद्योग मंडलों, पीएसयू, यात्री संघों, उपभोक्ता संघों और अन्य



रेलवे उपयोगकर्ता संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया और अपने बहुमूल्य विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में यात्री परिवहन और अन्य सुविधाएं और सेवाएं, सार्वजनिक मांगें और अन्य विकासात्मक गतिविधियां, नई ट्रेनों की शुरूआत, ट्रेनों के लिए अतिरिक्त आवास का प्रावधान, ट्रेनों का विस्तार आदि जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व तट रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव सहित पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) के सचिव और पूर्व तट रेलवे के उप

# अपनी भाषा अपना देश देता है गौरव का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कहा जाता है कि भाषा भावों की वाहिका होती है। यह हमारे व्यवसाय वृद्धि में साधक है। हिंदी भारत की राजभाषा है और राजभाषा का कार्यान्वयन करना हम सभी का परम दायित्व है। पूरे भारत को एक भाषा के सूत्र में पिरोने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। हिंदी बहुत ही सरलए सुगम और मधुर भाषा है। इसे हम आसानी से समझ सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के सामने रख सकते हैं। हिंदी और क्षेत्रीय भाषाएं व्यवसाय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से हम ज्यादा से ज्यादा




ग्राहकों को जोड़ते हुए उन्हें बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दे रहे हैं। अपने देश की भाषा में काम करनाए राष्ट्र का सम्मान करना है क्योंकि अपनी भाषा अपना देशए देता है गौरव का संदेश। अपने देश की भाषा से ही हम देशवासियों के दिलों तक पहुंचकर उनकी समुचित सेवा प्रदान कर सकते हैं। उक्त बातें नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बालेश्वर के अध्यक्ष देबब्रत महांति ने कही। वे बालेश्वर शहर स्थित सेलिब्रेशन्स हॉल में चार सितंबर को आयोजित नराकासए बालेश्वर की चौथी छमाही समीक्षा बैठक के दौरान सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों और राजभाषा अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब हो कि कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार के गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, पूर्वद्धए कोलकाता के प्रभारी व कार्यालयाध्यक्ष निर्मल कुमार दूबे, और नराकासए बालेश्वर के अध्यक्ष देबब्रत महान्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभा को संबोधित करते हुए निर्मल कुमार दूबे ने कहा कि राजभाषा नीति और नियम का अक्षरशः अनुपालन करना अनिवार्य है। नराकास के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं और इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति जागरूकता लायी जाए। नराकासए बालेश्वर राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में नित नयी ऊंचाईयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी सदस्य कार्यालयों का सहयोग अपेक्षित है। आपको बताते चलें कि नराकासए बालेश्वर का संयोजक कार्यालय यूको बैंकए अंचल कार्यालयए बालेश्वर है। कार्यक्रम का मंच संचालन नराकासए बालेश्वर के सदस्य सचिव डॉ सुनील कुमार ने किया।

# भारत की शक्ति और सामर्थ्य का गवाह बनेगा जी-20 समिट

## ■ दुनिया को विकास का रास्ता दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है भारत

## ■ भारत की नीतियों और प्रयासों की वैश्विक पहचान स्थापित होगी

आजाद सिपाही विशेष

**जी-20 शिखर सम्मेलन का आगाज कुछ घंटे बाद होगा। दुनिया की 85 फीसदी जीडीपी को नियंत्रित करनेवाले इस बेहद महत्वपूर्ण समूह की अध्यक्षता करना जहां भारत के लिए ऐतिहासिक गौरव की बात है, वहीं इसके शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत के लिए काफी बड़ा मौका है। दुनिया के व्यापार में 75 फीसदी की हिस्सेदारी इस समूह के सदस्यों की है। इस लिहाज से यह सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी मेजबानी से भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुख खिलाड़ी बनने का मौका मिल रहा है। यह वह समय है, जब दुनिया में अफरा-तफरी का माहौल है। दुनिया कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध का असर झेल रही है। ऐसे में जी-20 की मेजबानी के जरिये भारत के पास दुनिया को अपनी शक्ति, सामर्थ्य और संस्कृति को प्रदर्शित करने का बेहतर मौका है। इससे दुनिया में भारत की आवाज और बुलंद होगी। साथ ही भारत के जी-20 सदस्य देशों के साथ व्यापार संबंध मजबूत होंगे। शनिवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे होंगे, तब पूरी दुनिया की निगाहें उन पर होंगी। इतना ही नहीं, भारत उस स्थिति में होगा, जहां वह अपनी नीतियों और प्रयासों को वैश्विक मंच पर स्थापित ही नहीं करेगा, बल्कि दुनिया को विकास का रास्ता दिखाने में सक्षम होगा। इसके अलावा भारतीय विदेश नीति को अलग पहचान मिलेगी, जिसका लाभ आनेवाले दिनों में मिलेगा। इन तमाम कारणों की पृष्ठभूमि में आसानी से समझा जा सकता है कि जी-20 शिखर सम्मेलन से भारत को क्या हासिल होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन से होनेवाले इन लाभों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आज 140 करोड़ लोगों का देश भारत दुनिया के मंच पर अपनी बौद्धिक और वैचारिक ताकत, मानसिक क्षमता और सांस्कृतिक सामर्थ्य का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब से कुछ घंटे बाद दुनिया के सबसे बड़े सभागार भारत मंडपम में जी-20 का शिखर सम्मेलन शुरू होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण होगा, जब उसकी बात दुनिया भर में सुनी जायेगी और उसके दिखाये रास्ते पर चलने के लिए दुनिया लालायित रहेगी। यह जी-20 शिखर सम्मेलन का ही कमाल है कि आज भारत पूरी दुनिया के लिए अजूबा नहीं, एक आदर्श बन गया है। एक ऐसा आदर्श, जो न केवल रास्ता दिखाता है, बल्कि उस पर खुद भी चलता है, दूसरों को भी प्रेरित करता है और जरूरत पड़ने पर आगे बढ़ कर हाथ भी पकड़ता है।

ऐसे में एक सवाल यह उठ रहा है कि आखिर भारत को जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी से क्या हासिल होगा। इस सवाल का जवाब इतना आसान नहीं है। भारत, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने का गर्व है, आज जी-20 का नेतृत्व कर रहा है। भारत के लोग इस शिखर सम्मेलन को लेकर बेहद रोमांचित हैं और गर्व का अनुभव कर रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आम दिनों में भारत की सड़कों के किनारे ऐसे होर्डिंग दिखाई देंगे, जिनमें बॉलीवुड स्टार अलग-अलग चीजों के विज्ञापन करते नजर आते हैं। लेकिन पिछले एक साल से पूरे देश में इन विज्ञापनों की जगह जी-20 सम्मेलन से जुड़े विज्ञापनों ने ले ली है। ये विज्ञापन बिजली के खंभों से लेकर इ-रिक्शा तक पर नजर आते हैं। जी-20 के विज्ञापन बड़े-बड़े एलइडी स्क्रीन पर भी दिखाये जा रहे हैं। इन पोस्टरों पर भारत का आधिकारिक जी-20 लोगो प्रमुखता से नजर आता है। इन विज्ञापनों का एक ही संदेश है और वह यह कि भारत अब वैश्विक मंच पर आ गया है।



इस समय भारत दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। दुनिया में नये भारत की तस्वीर सामने आयी है। ऐसे में जी-20 सम्मेलन के आयोजन के जरिये भारत के पास दुनिया के सामने अधिक निवेश को आकर्षित करने के लिए अपनी क्षमता और उपलब्धियों का प्रदर्शन करने का पूरा मौका है। साथ ही स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए भी यह बैठक काफी अहम है। हाल ही में जी-20 को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के कई सकारात्मक परिणाम आये हैं। जी-20 को दुनिया भविष्य के रोडमैप के तौर पर देख रही है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र होगा। इन बातों से यह स्पष्ट है कि जी-20 के जरिये भारत एक नयी तस्वीर, शक्ति और सामर्थ्य को दुनिया के सामने रखेगा, ताकि नये अवसर और निवेश से भारत की आर्थिक गति को मजबूती मिले और भारत की विकसित राष्ट्र बनने की राह आसान हो सके।

भारत ने इससे पहले कभी भी एक साथ इतने अंतरराष्ट्रीय नेताओं की मेजबानी नहीं की है। इसलिए जी-20 शिखर सम्मेलन का अलग महत्व है। इस सम्मेलन का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि भारत के आम लोग अब विदेश नीति पर भी बात करने लगे हैं, विदेशी व्यापार की बारीकियों पर ध्यान देने लगे हैं। भारत जैसे देश में आम तौर पर विदेश नीति चुनावी दृष्टिकोण से नीरस विषय माना जाता है, लेकिन आज स्थिति एकदम बदल चुकी है। जानकार कहते हैं कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी कर भारत विदेशी मामलों और घरेलू राजनीति के बीच की रेखा को धुंधला करने की कोशिश कर रहा है। जी-20 इसे हासिल करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण मंच है। सरकार को इस बात का अहसास है। भारत के पास यह सुनिश्चित करने का संवेदनशील काम होगा कि कार्निवल जैसे माहौल में भी यूक्रेन युद्ध जैसे मुद्दे उसकी महत्वाकांक्षाओं को पटरी से न उतारें, जैसा कि पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान गहरे मतभेद नजर आये थे। भारत को इस बात की उम्मीद है कि सम्मेलन का सारा ध्यान यूक्रेन जैसे विभाजनकारी मुद्दों पर चर्चा की बजाय सहमति वाले मुद्दों पर बात करने पर हो।

जी-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद भारत ने कहा है कि वह उन मुद्दों को सम्मेलन के एजेंडे में रखना चाहता है, जो विकासशील देशों को असंगत रूप से प्रभावित करते हैं, जैसे जलवायु परिवर्तन, विकासशील देशों पर बढ़ता कर्ज का बोझ, डिजिटल ट्रांसफारमेशन, बढ़ती महंगाई और खाद्य-ऊर्जा सुरक्षा। इन मुद्दों की पृष्ठभूमि में यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब 'ग्लोबल साउथ' अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में खुद को एक प्रमुख हिस्सेदार के रूप में स्थापित करने में कामयाब रहा है। वहीं पश्चिमी देशों को इस बात का अहसास हुआ है कि उनका विशिष्ट क्लब अकेले पूरी दुनिया की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता है। बढ़ती असमानता, खाने के सामान और तेल की ऊंची कीमतें और जलवायु परिवर्तन के बीच कई देश अब जी-20 जैसे पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाले मंच की प्रासंगिकता पर ही सवाल उठाते हैं। उनका दावा है कि यह शक्ति के पुराने वैश्विक वितरण पर आधारित है। भारत इन आशंकाओं को तो खत्म करेगा ही, शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर खुद को वैश्विक मंच पर स्थापित कर देगा।

इतना ही नहीं, इस सम्मेलन के जरिये भारत की वह सामर्थ्य भी दुनिया को दिखाई देगी, जिसकी गूंज उसने कोरोना महामारी के दौरान साफ तौर पर सुनी थी। अपनी 140 करोड़ आबादी को टीका उपलब्ध कराने के बाद भारत ने अफ्रीका, दक्षिण एशिया और चीन तक की मदद की, जबकि पश्चिमी देश केवल अपनी चिंता में ही लीन रहे। दुनिया को इस बात का एहसास है। इसलिए जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत के लिए एक अवसर है।


























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**